www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 154 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
25 अगस्त 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

दैनिक
# तमसा संकेत
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:42
सूर्यास्त: 06:35
अधिकतम: 31.00
न्यूनतम: 27.00



पेज 07

विशेष समाचार
चेहरा नहीं काम और ... >> पेज 04
बजरंग दल के जिलाध्यक्ष ... >> पेज 06
मैंने किसी का धर्म नहीं ...

### छात्रों पर दर्ज केस खत्म नहीं हुए, हमारे धैर्य को कमजोरी न समझें : सीजेपी

# ‘कॉकरोच’ फिर आ रहे दिल्ली

सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने सभी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, इसकी जानकारी दें।

**सीजेपी ने कर दिया बड़ा ऐलान, जंतर-मंतर के बाद इंडिया गेट**



सीजेपी ने नीट पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी की मांगों को लेकर 20 जून से जंतर-मंतर पर आंदोलन शुरू किया था। 25 जुलाई को सरकार से आश्वासन मिलने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद अपना आंदोलन खत्म किया था।

**ऐलान**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी 5 सितंबर को दिल्ली में विरोध मार्च निकालेगी। पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार ने 25 जुलाई को युवाओं से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। इन्हीं वादों के भरोसे पर जंतर-मंतर का प्रदर्शन वापस लिया गया था। मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा। इसमें उन स्टूडेंट्स के परिजन भी शामिल होंगे, जिन्होंने NEET पेपर लीक के बाद सुसाइड किया था।

>> (शेष पेज 06 पर)



CJP नेता आशुतोष रांका और सौरव दास ने 25 जुलाई को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की थी। इसमें सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच 3 मांगों पर सहमति बनी थी

**सीजेपी बोली- वादे पूरे होने तक पीछे नहीं हटेंगे**

CJP नेता सौरव दास और रत्ना सिंह ने कहा कि सरकार को आंदोलन खत्म होने के बाद किए गए वादे पूरे करने चाहिए। सभी FIR वापस लेनी चाहिए और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई रोकनी चाहिए। वहीं, CJP फाउंडर अभिजीत दीपके ने सभी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, इसकी जानकारी दें।

**सौरव दास बोले- लोकतंत्र के लिए संवाद जरूरी**

CJP के प्रवक्ता सौरव दास ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, लोकतंत्र तभी काम करता है जब सरकार में बैठे लोगों और उन्हें चुनने वालों के बीच निरंतर संवाद हो। जब दोनों के बीच संचार टूट जाता है, तो समस्याएं और संघर्ष पैदा होते हैं। वहीं, पार्टी ने सभी युवाओं, छात्रों, युवा संगठनों और छात्र संगठनों से 5 सितंबर को इंडिया गेट पर बड़ी संख्या में इकट्ठा होने और मार्च में शांतिपूर्वक भाग लेने की अपील की है।

# मेरी अमेरिका यात्रा रोकना तेलंगाना का अपमान : रेवंत

### गुजरात के सीएम की यात्रा को अनुमति मिली

तमसा संकेत, एजेंसी

तेलंगाना। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को हैदराबाद में कहा कि उनकी अमेरिका यात्रा की अनुमति नहीं देना तेलंगाना का अपमान है।

उन्होंने कहा केंद्र ने गुजरात के मुख्यमंत्री की अमेरिका यात्रा को अनुमति दी, लेकिन मेरी यात्रा को अस्वीकार कर दिया।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को अमेरिका जाने की केंद्र से मंजूरी नहीं मिली थी। मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

CMO के मुताबिक, रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाला तेलंगाना राइजिंग प्रतिनिधिमंडल अमेरिका दौरा नहीं कर सकेगा। विदेश मंत्रालय ने राजनीतिक आधार पर क्लियरेंस देने से इनकार किया था। दरअसल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 17 से 24 अगस्त तक अमेरिका और कनाडा का दौरा किया था। रेवंत रेड्डी ने सोमवार को कहा, ‘विदेश मंत्रालय ने मेरे प्रस्ताव की जांच की और राजनीतिक दृष्टिकोण से मंजूरी देने से इनकार कर दिया।’

>> (शेष पेज 06 पर)



■ दावा- राजनीतिक आधार पर मंजूरी नहीं दी गई

# वन नेशन वन इलेक्शन असंवैधानिक : चिदंबरम

### मेरा जमीर इसके समर्थन की गवाही नहीं देता

**आपत्ति**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने सोमवार को लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव का विरोध किया। उन्होंने संसद की संयुक्त समिति के सामने इसे असंवैधानिक पहल बताया।

पूर्व गृह और वित्त मंत्री ने कहा, ‘एक देश, एक चुनाव के तहत पूरे देश में चुनाव कराने का प्रस्ताव बिना सोचे-समझे किया गया काम है। मेरा जमीर इन विधेयकों का समर्थन करने की इजाजत नहीं देता।’ PTI सूत्रों के मुताबिक, चिदंबरम ने यह राय संविधान (129वां संशोधन) विधेयक 2024 और केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2024 पर समिति के सामने रखी।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ चिदंबरम ने विधेयकों को असंवैधानिक बताया
■ पद्म पुरस्कार पाने वालों की राय बटी

### रायबरेली की धरती से सीएम योगी का राहुल गांधी के 'संविधान बनाम मनुस्मृति' दांव पर बड़ा पलटवार

# 'मनु' पर महाभारत

“विदेशी पैसे के बल पर भारत की सामाजिक एकता को खंडित करना चाहती है कांग्रेस : मुख्यमंत्री

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रायबरेली की धरती से कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस ने देश-समाज को बांटा, संविधान का गला घोंटा और फिर तुष्टिकरण की नीति पर चलकर विदेशी पैसे के बल पर भारत की सामाजिक एकता को खंडित करना चाहते हैं। उन्होंने प्रदेश-देशवासियों से अनुरोध किया कि इनसे सतर्क-सावधान होकर पीएम मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास के अभियान को बढ़ाना चाहिए। सीएम ने रायबरेली के सांसद/नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर भी खूब निशाना साधा।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज मैदान में हुए कार्यक्रम में रक्षाबंधन से पहले रायबरेली, बछरावां और हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र को 879 करोड़ रुपये की 346 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम ने कहा कि रसोइयों से रक्षाबंधन की शुरुआत की है, 26 को माताओं के लिए नई योजना घोषित करेंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)



**879** करोड़ रुपये की 346 विकास परियोजनाओं की मुख्यमंत्री ने रायबरेली, बछरावां और हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र को दी सौगात

**वीआईपी संसदीय क्षेत्र के नाम वाले रायबरेली में थी बदहाली**

सीएम ने कहा कि रायबरेली अब बदल चुका है। पहले लोग इसे वीआईपी जनपद व संसदीय क्षेत्र कहते थे, लेकिन वीआईपी के नाम पर यहां बदहाली, अराजकता, अभाव था और गरीबों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलता था। >> ( 06 पर)


पिछले वर्ष रायबरेली के मॉडर्न कोच फैक्ट्री ने किया रिकॉर्ड 2156 कोच का निर्माण: सीएम योगी

सीएम का राहुल पर तंज- सनातनी जिस कालगणना को मानता है, उसे नाना, परनाना-दादी ने नहीं, बल्कि मनु ने दिया

हर गुंडा संस्कारों से खुद को समाजवादी पार्टी के समीप पाता है: सीएम योगी

अयोध्या में सभी ने देखा ‘बाबरी के भक्तों’ का आचरण

रायबरेली में वीरा पासी का बनेगा भव्य स्मारक व प्रतिमा



**फास्ट न्यूज**

### दिल्ली- एनसीआर में तेज बारिश, 25 फ्लाइट्स कैंसिल

नई दिल्ली। दिल्ली-NCR के कई इलाकों में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। खराब मौसम के चलते दिल्ली एयरपोर्ट से 15 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 25 उड़ानें कैंसिल हो गई हैं और 380 लेट हैं।

सुनवाई आदेश

### कर्नाटक हाईकोर्ट बोला-मायके जाने पति से पूछना जरूरी नहीं

कर्नाटक। कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को एक सुनवाई के दौरान कहा कि महिला को मायके जाने के लिए पति या ससुराल वालों से परमिशन लेने की जरूरत नहीं है। साथ ही यह भी कहा कि पति उसे अपने माता-पिता की देखभाल और घर के काम करने के लिए मजबूर भी नहीं कर सकता।

कोर्ट ने यह टिप्पणी तुमकुरु फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर की। फैमिली कोर्ट ने एक व्यक्ति को पत्नी और नाबालिग बेटी को हर महीने 9 हजार रुपए गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था।

### एमपी के पचमढ़ी में नाबालिग छात्रा से गैंगरेप

नर्मदापुरम। मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में नाबालिग छात्रा (17) से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने स्थानीय जिप्सी ड्राइवर और 2 युवकों को हिरासत में लिया है। इन पर पीड़िता के दोस्त को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम देने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता पचमढ़ी में पढ़ाई करती है।

### शक्कर निर्माता बोले- त्योहारों के लिए पर्याप्त स्टॉक, सरकार ने 10 लाख टन इम्पोर्ट की मंजूरी दी थी

# चीनी की कमी नहीं जल्द सस्ती होगी

**राहत**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (ISMA) ने सोमवार को कहा कि देश में चीनी की कमी नहीं है। आने वाले दिनों में फुटकर बाजारों में कीमतें कम होने की उम्मीद है।

पिछले एक महीने में चीनी 20% से ज्यादा महंगी होकर 60 प्रति किलो तक हो गई है। इसके बाद सरकार ने राहत देने के लिए ड्यूटी-फ्री इंपोर्ट की मंजूरी दी थी।

NFCSF के अनुसार, इंपोर्टेड चीनी की कुछ खेप 15 अक्टूबर से पहले भारतीय बंदरगाहों पर पहुंच सकती है। प्रकाश ने बताया कि थाईलैंड खुद चीनी की कमी से जूझ रहा है, ऐसे में अभी ब्राजील ही एकमात्र विकल्प है।

ब्राजील से जहाजों को भारत आने में 40 से 45 दिन का समय लगता है, जिसके बाद इसे मिलों तक पहुंचाया जाता है।



**सरकार की गई 31 अक्टूबर की डेडलाइन पर नाईकनवरे ने कहा कि इसमें छूट मिल सकती है। जो शिपमेंट पहले से रास्ते में होंगे, उन्हें तय तारीख के बाद भी आने की अनुमति मिलने की पूरी संभावना है।**

**10 लाख टन ड्यूटी-फ्री इंपोर्ट को मंजूरी**

केंद्र सरकार ने 20 अगस्त को 10 लाख टन रॉ शुगर के बिना किसी सीमा शुल्क आयात की अनुमति दी है, ताकि बाजार में सप्लाई बढ़ाकर कीमतों पर काबू पाया जा सके।

नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज ने भी घरेलू सप्लाई को पर्याप्त बताया है। NFCSF के अध्यक्ष प्रकाश नाईकनवरे ने कहा कि फेडरेशन ने 2025-26 सीजन के लिए अपने नेट शुगर प्रोडक्शन के अनुमान को 2.79 करोड़ टन पर बरकरार रखा है।

इसमें से करीब 24 लाख टन चीनी इथेनॉल उत्पादन के लिए डायवर्ट की गई है। भारत में हर साल करीब 3 करोड़ टन चीनी उत्पादन होता है।

डीजीएफटी की मंजूरी, लेटर ऑफ क्रेडिट और पोर्ट कंजेशन पर यह टाइमलाइन निर्भर करेगी।

>> (शेष पेज 06 पर)

# मराठी सीखने के खिलाफ ऑटोवालों की हड़ताल

### बोले- 55 की उम्र में भाषा सीखें या घर चलाएं सरकार ने 3 महीने का वक्त दिया

**विरोध**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई। मुंबई में ऑटो-रिक्शा ड्राइवरों ने सोमवार को सरकार के मराठी बोलने वाले नियम के विरोध में 3 दिन की हड़ताल बुलाई है।

गैर मराठी भाषी ड्राइवरों का कहना है कि इससे उन पर ज्यादा बोझ पड़ेगा। उम्रदराज ड्राइवरों का कहना है कि

हमने बिल्कुल पढ़ाई नहीं की है। हमारे सामने परिवार को पालने की चुनौती है। 55-60 साल की उम्र में हम परिवार पालें या नई भाषा सीखें। यह बहुत मुश्किल है। 19 अगस्त को ट्रांसपोर्ट मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि ड्राइवरों को पहले नोटिस देकर 3 महीने में मराठी सीखने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद भी मराठी नहीं सीखने पर लाइसेंस और बैज सस्पेंड किया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)



**इस अभियान के तहत मराठी नहीं बोल पाने वाले ड्राइवरों को नोटिस दिए जा रहे हैं। यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा और अब तक करीब 2,500 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। परिवहन विभाग के मुताबिक, 20 अगस्त से मुंबई और राज्य के दूसरे हिस्सों में करीब 13 हजार ड्राइवरों की जांच हुई है।**

### दावा : महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं से ध्यान भटकाने का भाजपा पर लगाया आरोप

# चुनाव सपा और भाजपा के बीच होगा : अखिलेश यादव

■ अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरह की सड़कें बनाई जा रही हैं, उससे विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन आगामी चुनाव समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच ही होगा। उन्होंने दावा किया कि जनता अब भाजपा सरकार को हटाना चाहती है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा वंदे मातरम् जैसे मुद्दों के जरिए जनता को महंगाई, बेरोजगारी और अन्य जनसमस्याओं से भटकाना चाहती है। अखिलेश यादव ने लखनऊ के बुद्धेश्वर में पशुपालकों के साथ कथित अमानवीय व्यवहार का मुद्दा उठाया।

>> (शेष पेज 06 पर)





**महंगाई को लेकर भाजपा पर निशाना**

सपा प्रदेश मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और त्योहार के समय इसमें और इजाफा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने लोगों को मुनाफा पहुंचाने के लिए चीनी महंगी की गई है। भाजपा को आम जनता की चिंता नहीं है, बल्कि उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की चिंता है। उन्होंने खाद की उपलब्धता को लेकर भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले बोरी में खाद चोरी होने की बात सामने आती थी, लेकिन अब पूरी बोरी ही गायब हो गई है।

**शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर हमला**

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने सरकारी विद्यालयों की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर सुविधाएं और गर्म भोजन मिलना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी कि सरकार के समय खरीदे गए बर्तन आज भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं और दस साल पुराने गिलास तक स्कूलों में चल रहे हैं। उन्होंने सरकार से बच्चों की शिक्षा और उनकी मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देने की अपील की।

# राजनीति से नहीं लूंगी संन्यास : ममता बनर्जी

### भाजपा को हाशिए पर धकेलने तक नहीं

**बयान**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राजनीति से संन्यास नहीं लेंगी। भाजपा को हाशिए पर पहुंचाने तक वह नहीं रुकेंगी। सिर्फ चार महीनों में ही बंगाल के लोगों को BJP का असली चेहरा समझ आ गया। ममता ने फेसबुक लाइव में कहा कि जनगणना की प्रक्रिया नेशनल सिटिजन रजिस्टर (NRC) लागू करने की कोशिश है, जिसे राजनीतिक दलों से सलाह किए बिना लागू किया गया है। NRC का मकसद भारतीय नागरिकों का आधिकारिक रजिस्टर तैयार करना है। हालांकि सरकार इसे अब तक लागू नहीं कर पाई है। ममता ने आरोप लगाया, ‘राज्य के अलग-अलग हिस्सों में महिलाएं अन्नपूर्णा भंडार आर्थिक सहायता योजना का पैसा मिलने में देरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)




■ ममता ने कहा- बंगाल के लोगों को धोखा दे रही बीजेपी

# कारें आधी डूबीं, अंडरपास में भरा पानी

**अलर्ट**

## नोएडा में मेट्रो स्टेशन की सीढ़ियों पर पानी, यूपी के 15 शहरों में बारिश, 2 की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज। यूपी में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। सोमवार को नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, मेरठ, वाराणसी और मथुरा समेत 15 शहरों में रुक-रुक कर तेज बारिश हुई। मथुरा में इतनी बारिश हुई कि अंडरपास में 2 फीट तक पानी भर गया। सड़कें तालाब बन गईं। कारें आधी डूब गईं। कई बाइक और ऑटो भी पानी में फंसकर बंद हो गए। नोएडा में सेक्टर 62 मेट्रो स्टेशन की सीढ़ियों के पास पानी भर गया। गाजीपुर और जौनपुर में 8वीं तक के स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। गाजीपुर में बाढ़ के पानी में डूबने से एक युवक की जान चली गई। मुगलसराय में कच्ची दीवार गिरने से एक मासूम की मौत हो गई।




मौसम विभाग ने आज 75 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें से 3 जिलों में बहुत भारी और 14 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इधर, लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। 19 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। 92 गांवों में फसलें खराब हो गई हैं। 26 गांव टापू बन गए हैं। ललितपुर में रविवार को सैर नाले पर बना पुल डूब गया। तेज बहाव के बीच एक युवक बाइक लेकर पुल पार करने लगा, जिससे उसकी बाइक बह गई। गनीमत रही कि युवक बाल-बाल बच गया। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- पूर्वी यूपी में बने चक्रवाती सिस्टम और बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से मानसूनी गतिविधियां तेज हो गई हैं। अगले कुछ दिन तक पूर्वी यूपी में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। पूर्वी यूपी के दक्षिणी हिस्सों में बहुत भारी बारिश के आसार हैं। पश्चिमी यूपी में पछुआ हवाओं की वजह से फिलहाल तेज या भारी बारिश की संभावना काफी कम है। चंदौली में मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के कैथापुर-पथरा वार्ड नंबर 7 स्थित मुसहर बस्ती में रविवार देर रात बारिश के दौरान एक कच्चे मकान की मिट्टी की दीवार ढह गई।

### गाजीपुर में बाढ़ के पानी में डूबने से एक की मौत, भैंस चराने गए थे

गाजीपुर के सेवराई तालुके सिकंदरपुर में बाढ़ के पानी में डूबने से एक पशुपालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गहमर थाना क्षेत्र के खुदरा पथरा निवासी 58 वर्षीय उमाशंकर यादव के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि उमाशंकर यादव अपनी भैंस चराने के लिए घर से निकले थे।



**मुरादाबाद में आज सुबह से आसमान में बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं। आज अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। हवा की रफ्तार करीब 3 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी, जबकि नमी 92 प्रतिशत के आसपास रह सकती है।**

# पत्नी की डिलीवरी से 2 दिन पहले युवक ने जान दी

## औरैया में कमरे में फंदे से लटका मिला शव

तमसा संकेत, एजेंसी


प्रशांत दोहरे मृतक

औरैया । औरैया में पत्नी की डिलीवरी से 2 दिन पहले 28 साल के युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। मोबाइल पर पत्नी से किसी बात को लेकर उसकी बहस हुई थी। परिजनों के अनुसार, गुस्से में कॉल काटकर वह अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद उसका शव कमरे के रोशनदान में गमछे के सहारे लटका मिला।

घटना रविवार देर रात करीब 11:30 बजे जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के सेऊपुर गांव की है। उसकी पत्नी का मंगलवार को सीजेरियन ऑपरेशन होना था। इसलिए वह रविवार दिन में ही गर्भवती पत्नी को उसके मायके छोड़कर घर लौटा था।

सेऊपुर गांव निवासी प्रशांत दोहरे (28) की 6 साल पहले अनीता से अरेंज मैरिज हुई थी। वह अपने माता-पिता, पत्नी और बेटी के साथ किराए के मकान में रहता था। प्राइवेट नौकरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था।

प्रशांत के पिता रामबहादुर ने बताया कि उनकी बहू अनीता दूसरी बार गर्भवती थी। रविवार दोपहर प्रसव से पहले होने वाली जांच कराने के लिए प्रशांत उसे अजीतमल सीएचसी लेकर गया था। जांच के दौरान कुछ दिक्कत सामने आने पर डॉक्टरों ने अल्ट्रासाउंड और ब्लड टेस्ट कराने की सलाह दी।

इसके बाद प्रशांत पत्नी को लेकर औरैया पहुंचा।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में डेढ़ घंटे बारिश, फ्लाईओवर के नीचे छिपे लोग

लखनऊ। लखनऊ में सोमवार शाम को करीब डेढ़ घंटे झमाझम बारिश हुई। गोमतीनगर, चिनहट, सुशांत गोल्फ सिटी, हजरतगंज समेत कई इलाकों में शाम करीब 5 बजे घने काले बादल छा गए। दिन में ही अंधेरा छा गया। इसके करीब 30 मिनट बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई।

कमता तिराहा, शहीद पथ, पॉलिटेक्निक, बुद्धेश्वर चौराहे पर जाम लग गया।

### 'आपत्तिजनक नारों से बचें, निर्धारित रूट पर ही निकालें जुलूस'

लखनऊ। लखनऊ में ईद मिलादुन्नबी को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि 26 सितंबर को 12 रबी-उल-अव्वल मनाया जाएगा। इसको लेकर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। मौलाना ने मुस्लिम समाज से त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। मौलाना ने कहा कि मिलादुन्नबी के मौके पर ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों की मदद करें। गरीबों को फूड पैकेट बांटें और बीमार लोगों की देखभाल करें।

### लखनऊ में तैलिक साहू राठौर महासभा की बैठक

लखनऊ। लखनऊ में भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण प्रांतीय बैठक सोमवार को गांधी भवन सभागार कैसरबाग में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष राजमणि साहू ने की।

उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा।

# शामली में थानाभवन चीनी मिल पर 103.52 करोड़ बकाया

## 15 अक्टूबर तक नई पेराई शुरू करने के निर्देश

तमसा संकेत, एजेंसी



शामली। शामली में थानाभवन चीनी मिल की ओर से गन्ना किसानों के भुगतान में देरी पर जिलाधिकारी आलोक यादव ने कड़ी नाराजगी जताई है। पेराई सत्र 2025-26 का मिल पर अभी 103.52 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बकाया है। जिलाधिकारी ने मिल प्रबंधन को तत्काल शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भुगतान में लापरवाही मिलने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में जिले की तीनों चीनी मिलों—शामली, ऊन और थानाभवन—के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इसमें पेराई सत्र 2025-26 के गन्ना मूल्य भुगतान, आगामी पेराई सत्र 2026-27 की तैयारियों और चीनी स्टॉक की स्थिति की समीक्षा की गई।

समीक्षा में सामने आया कि थानाभवन चीनी मिल को कुल 301.60 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान करना था। इसमें से अब तक 198.08 करोड़ रुपये किसानों को दिए गए हैं, जबकि 103.52 करोड़ रुपये अभी बकाया हैं। इसके विपरीत शामली चीनी मिल ने 323.19 करोड़ रुपये और ऊन चीनी मिल ने 267.03 करोड़ रुपये का पूरा गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। डीएम आलोक यादव ने कहा कि गन्ना किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय से मिलना बेहद जरूरी है।

## 22 दलालों को दौड़ाकर पकड़ा, कई दीवार फांदकर भागे, बाबू से 1 लाख मिले

# आरटीओ ऑफिस में बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर घुसे पचास पुलिसवाले

तमसा संकेत, एजेंसी



कानपुर। कानपुर के RTO ऑफिस में जिला प्रशासन और 50 पुलिसवालों की टीम ने छापा मारा। सभी बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर अचानक अंदर घुसे और ऑफिस के दोनों गेट बंद करा दिए। छापेमारी देखकर एजेंट (दलाल) इधर-उधर भागने लगे। RTO के बाहर अवैध वेंडर दुकानें बंद कर भाग गए।

पुलिसवालों ने दौड़ाकर 22 दलालों को पकड़ लिया। हालांकि, अफरा-तफरी के बीच कई दलाल दीवार फांदकर भाग गए। इस दौरान पुलिसवालों की एक वकील से भी झड़प हो गई। टीम को कैश डिपार्टमेंट के बाबू विपिन कुमार के पास 15 हजार रुपए कम मिले। वहीं, चालान बाबू मृदुल मिश्रा के पास एक लाख रुपए कैश मिले। वह इन पैसों का हिसाब नहीं दे सके। RTO के आरआई (रीजनल इंस्पेक्टर) संतोष यादव से बंद कमरे में एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने पूछताछ की। वहीं, SDM सदर अनुभव सिंह ने बताया कि एक ट्रक चालक ने शिकायत की थी। उसका एआरटीओ ने प्रदूषण, ट्रक का हॉर्न न बजने और सीट बेल्ट न लगाने का चालान किया था। उससे 26,700 रुपए लिए, जबकि रसीद 21, 700 की दी। इसके बाद आज (सोमवार) दोपहर करीब 1:30 बजे रेड डाली गई। इस दौरान पुलिस टीम ड्रोन से निगरानी करती रही। एसडीएम अनुभव सिंह ने बताया- विभाग की काफी समय से शिकायतें मिल रही थीं। हमीरपुर जिले के ललपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाले ट्रक चालक कामता प्रसाद ने शनिवार (22 अगस्त) को शिकायत की थी। भौंती बाईपास पर एआरटीओ सोमलता यादव ने उनके ट्रक का चालान किया था।



### ट्रक ड्राइवर बोला-एआरटीओ ने 26,700 लिए, 21,700 की रसीद दी

ट्रक ड्राइवर कामता प्रसाद ने बताया- मैं जेके सीमेंट का ट्रक चलाता हूं। शनिवार को भरुवा से मंधना सीमेंट लादकर जा रहा था। भौंती बाईपास पर आरटीओ सोमलता यादव ने मेरा 26,750 रुपए का चालान कर दिया। कार्रवाई की वजह, ट्रक में सीट बेल्ट न लगाना, हॉर्न न बजने की अनियमितता बताई गई।

### चालान बाबू के पास एक लाख कैश मिला, हिसाब नहीं दे सका

छापेमारी के दौरान जिला प्रशासन और क्राइम ब्रांच की टीम ने एआरटीओ आलोक कुमार के साथ हर एक विभाग में दस्तावेज खंगाले। इस दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों के लैपटॉप और कंप्यूटरों की भी जांच की। पहले कैश डिपार्टमेंट में छापेमारी करने के बाद एसओजी की टीम सारथी भवन पहुंची। यहां काउंटर नंबर- 6 पर गई, जहां गाड़ियों के लाइसेंस का बायोमीट्रिक होता है। यहां पर आजमगढ़ के रहने वाले कर्मचारी मुजाहिद फारुकी से पूछताछ की। मुजाहिद ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक साइट नहीं चलने की वजह से बायोमीट्रिक नहीं हो पाई है। 12 से 3:30 बजे तक 15 बायोमीट्रिक की गईं।

## 'बोल बम' का स्टिकर लगी गाड़ियों से पहुंचे अफसर, मुजफ्फरनगर में 3 जगह छापेमारी

# पूर्व बसपा विधायक राणा के ठिकानों पर ईडी की रेड


जम्मूदीप इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का ऑफिस

तमसा संकेत, एजेंसी



मुजफ्फरनगर । यूपी के मुजफ्फरनगर में पूर्व बसपा विधायक शाहनवाज राणा से जुड़े 3 ठिकानों पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने छापेमारी की। ईडी की टीम सुबह करीब 8 बजे 12 गाड़ियों से पहुंची। किसी को शक न हो, इसलिए गाड़ियों पर 'बोल बम' के स्टिकर लगा रखे थे।

जिन जगहों पर रेड चल रही, उनमें मेरठ रोड पर पूर्व विधायक का घर 'राणा हाउस', उनके अखबार का दफ्तर और मॉडल टाउन में 'जम्मूदीप इंपोर्ट-एक्सपोर्ट' का ऑफिस शामिल है। तीनों जगह गेट पर 50 पुलिसकर्मियों के अलावा सीआरपीएफ जवान तैनात हैं। किसी को परिसर के अंदर-बाहर आने-जाने नहीं दिया जा रहा। टीम परिसर में दस्तावेज खंगाल रही है। राणा हाउस में पूर्व विधायक के अलावा उनके चाचा पूर्व सांसद कादिर राणा और पूर्व विधायक नूर सलीम राणा के भी आवास हैं। ईडी की टीम मुजफ्फरनगर के अलावा गाजियाबाद और फरीदाबाद के 6 ठिकानों पर भी छापेमारी कर रही है।

**शाहनवाज राणा पर फर्जी बिलों और दस्तावेजों से इनपुट टैक्स क्रेडिट का गलत तरीके से फायदा लेने और उसे आगे बढ़ाने का आरोप है। उनकी कंपनियों ने जंबूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इंपोर्ट्स लिमिटेड से माल की खरीद की थी। इसी वजह से लोहा, स्टील और सरिया कारोबार से जुड़े कुछ कारोबारी भी जांच की जद में आए हैं।**

### जीएसटी टीम पर हमले के आरोप में जेल गए थे शाहनवाज राणा

शाहनवाज राणा और उनके चाचा कादिर राणा की स्टील फैक्ट्री में छापेमारी करने गई जीएसटी टीम पर हमले के आरोप में 5 दिसंबर 2024 शाहनवाज राणा को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान कादिर राणा के बेटे शाह आजम के खिलाफ भी सिविल लाइंस थाने में एक फर्जी कंपनी बनाकर धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। दोनों को जेल भी भेजा गया था। उन्हें पहले मुजफ्फरनगर और बाद में चित्रकूट जेल में बंद किया गया था। अगस्त 2025 में शाहनवाज राणा को इलाहाबाद होईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। तब से वो जेल से बाहर हैं।

### 'नौकरी के इंतजार में बिगड़ी आर्थिक स्थिति'

लखनऊ। लखनऊ में सोमवार को पीकअप भवन पर UPSSSC की जूनियर असिस्टेंट भर्ती के अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। 5512 पदों पर भर्ती का अंतिम परिणाम चार साल बाद भी जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों में नाराजगी है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे अभ्यर्थियों ने जल्द रिजल्ट जारी कर नियुक्ति देने की मांग की। अभ्यर्थियों ने कहा कि लंबे समय से नौकरी का इंतजार करने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। अभ्यर्थियों के हाथ में मौजूद टाइमलाइन के मुताबिक जूनियर असिस्टेंट के 5512 पदों की भर्ती प्रक्रिया लंबी खिंचती चली गई। पोस्टर में सबसे पहले अक्टूबर 2022 में UPSSSC PET, इसके बाद 4 अगस्त 2022 को भर्ती विज्ञापन, 24 मार्च 2024 को शॉर्टलिस्टिंग और 29 जून 2024 को लिखित परीक्षा का उल्लेख था। इसके बाद आयोग की ओर से 7 अक्टूबर 2025 को टाइपिंग की कटऑफ और 8 अक्टूबर 2025 को टाइपिंग परीक्षा की तारीख जारी की गई।

# सावन में मछली भोज पर अयोध्या में सियासी संग्राम

## राजू दास बोले- हनुमान चालीसा के बाद मछली भोज दुर्भाग्यपूर्ण

तमसा संकेत, एजेंसी



अयोध्या । कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अयोध्या दौरे के दौरान सावन में हुए मछली भोज को लेकर सियासत तेज हो गई है। हनुमानगढ़ी के पुजारी राजूदास ने कांग्रेस नेताओं पर धार्मिक आस्था को लेकर दोहरे रवैये का आरोप लगाया है।

राजू दास ने कहा- एक तरफ कांग्रेस नेता अयोध्या आकर हनुमानगढ़ी में हनुमान चालीसा पढ़ते हैं और दूसरी तरफ सावन के पवित्र महीने में मछली भोज में शामिल होते हैं। यह धार्मिक भावनाओं के विपरीत आचरण है। अयोध्या आना और हनुमानगढ़ी में दर्शन करना अच्छी बात है, लेकिन सावन में मछली भोज में शामिल होना समझ से परे है। गजब की कांग्रेस पार्टी है और गजब के कांग्रेस के नेता हैं। अयोध्या आना, हनुमानगढ़ी में हनुमान चालीसा पढ़ना और उसके बाद सावन के पवित्र महीने में मछली भोज करना दुर्भाग्य की बात है। कांग्रेस नेताओं का अयोध्या आना अच्छी बात है, लेकिन सावन जैसे पवित्र महीने में इस तरह के आयोजन में शामिल होना हिंदू समाज की भावनाओं को आहत करता है। एक तरफ आस्था का प्रदर्शन और दूसरी तरफ मछली भोज करना विरोधाभास है। कांग्रेस का हिंदू आस्था से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि भाजपा नेताओं के कार्यक्रमों में भी मछली खाने के मामले सामने आते रहे हैं।

**दर्शन :** हरिद्वार से वृंदावन पहुंचा, काशी में जबरदस्त भीड़ का ड्रोन वीडियो

# प्रेमानंदजी के लिए लेट-लेटकर चला भक्त

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । सावन का आज आखिरी सोमवार है। काशी, अयोध्या और प्रयागराज के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ है। काशी में बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए 2 किमी लंबी लाइन लगी है। अब तक 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालुओं ने कहा- सिर्फ 1-2 सेकेंड तक बाबा के दर्शन मिल रहे हैं।

सुबह 4 बजे बाबा विश्वनाथ की मंगला आरती हुई। उन्हें चंदन का लेप लगाया गया और श्रृंगार किया गया। इसके बाद भक्तों के लिए बाबा विश्वनाथ के कपाट खोले गए। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए। ड्रोन से पूरे मंदिर क्षेत्र की निगरानी की जा रही है।

संत प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य की कामना के लिए फरीदाबाद के एक भक्त ने 350 किलोमीटर लेट-लेटकर मथुरा की यात्रा की। हरिद्वार से मथुरा पहुंचने में उन्हें 62 दिन लगे। उन्होंने बताया- 20 जून की सुबह पूजा-अर्चना के बाद मैंने दंडवती कांवड़ यात्रा शुरू की। हर दिन 6 से 7 किलोमीटर लेट-लेटकर चलता था। बता दें कि प्रेमानंद महाराज की दोनों किडनी खराब हैं। उनकी हफ्ते में 2-3 बार डायलिसिस होती है। बरेली में हरिद्वार से मंदिर वाली दो कांवड़ लेकर 80 भक्त पहुंचे।



**सावन के आखिरी सोमवार पर गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर में सुबह तीन बजे से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु जयकारों के बीच लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।**



### देवरिया में शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

देवरिया में सावन के चौथे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में लंबी कतारें देखी गईं। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। रुद्रपुर स्थित प्रसिद्ध दुग्धेश्वरनाथ मंदिर में तड़के करीब दो बजे से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा शुरू हो गया था। बरहज के सरयू घाट से कांवड़ में जल लेकर पहुंचे भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर के कपाट सुबह करीब तीन बजे खोल दिए गए। सुबह तक मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। स्थानीय जानकारी के अनुसार, सुबह तक लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। शाम तक यह संख्या 50 हजार से अधिक पहुंचने की उम्मीद है।

# मातृ वंदना एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभावान बेटियों का हुआ सम्मान

**समारोह का उद्देश्य मातृशक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ छात्राओं की प्रतिभा, उपलब्धियों और सफलता को प्रोत्साहित करना रहा। संस्थान के निदेशक आर.के. जैन ने कहा कि 'मातृवंदना' मां के प्रति कृतज्ञता और सम्मान की अभिव्यक्ति का विनम्र प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन के साथ बालिका शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के सतत संकल्प की अनेक सफलताएं जुड़ी हुई हैं।**

तमसा संकेत, संवाददाता



हनुमानगढ़। मां के प्रति श्रद्धा, सम्मानित प्रतिभाओं की चमक और छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों से सोमवार को हनुमानगढ़ जंक्शन में अबोहर रोड स्थित श्रीदेवी महिला पॉलिटेक्निक का परिसर भावनाओं और उत्साह से सराबोर रहा। कहीं मातृशक्ति के सम्मान में सिर झुके तो कहीं अपनी उपलब्धियों से संस्थान का नाम रोशन करने वाली छात्राओं के चेहरों पर आत्मविश्वास दिखाई दिया। हिंदी, पंजाबी, मराठी और राजस्थानी प्रस्तुतियों ने माहौल में सांस्कृतिक रंग घोले, वहीं मां की प्रेरणा को समर्पित गीतों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। अवसर था स्व. श्रीदेवी मालचंद छाजेड़ (नोहर) की स्मृति में आयोजित 'मातृवंदना एवं प्रतिभा सम्मान समारोह-2026' का।

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में डॉ. मिताली अग्रवाल तथा विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में श्रीमती चांदनी चोपड़ा और श्रीमती बिंदु अरोड़ा को सम्मान प्रदान किया गया। संस्थान की पूर्व छात्राओं, जिन्होंने श्रीदेवी महिला पॉलिटेक्निक से शिक्षा प्राप्त करने के बाद व्यावसायिक जीवन में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की, को भी सम्मानित किया गया। इनमें लवप्रीत कौर, सुरभि यादव, राजवीर कौर, अनु खत्री और शारदा पावड़िया शामिल रहीं।

बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेरिट में स्थान बनाने वाली छात्राओं खुशप्रीत, शमनदीप, हर्षदीप, अमनदीप और खुशी छाबड़ा को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

16 मिठाइयों के नमूने लिए, 30 किलो छेना रसगुल्ला मौके पर नष्ट कराया, 174 किलो डिब्बाबंद मिठाई जब्त

# रक्षाबंधन से पहले खाद्य विभाग की छापेमारी

**कार्रवाई**

- 174 किलो डिब्बाबंद मिठाई जब्त
- रिपोर्ट आने के बाद होगी विधिक कार्रवाई

> गन्नीपुर बसखारी स्थित रजनीश ट्रेडर्स से 174 किलो डिब्बाबंद मिठाई जब्त की गई। विभाग के अनुसार मिठाई के मिथ्याछाप और अधोमानक होने का संदेह है। जब्त मिठाई की अनुमानित कीमत 26,100 रुपये बताई गई है। कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की संबंधित धाराओं के तहत की गई।



बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सोमवार को जिले में विशेष अभियान चलाया। टीमों ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। अपमिश्रण के संदेह में मिठाई, खोया और बूंदी समेत कुल 16 नमूने लिए गए। सभी नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक, उत्तर प्रदेश की प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

आयुष स्वीट एंड फास्ट फूड रामपुर कला से खोया, प्रदुम कुमार मोदनवाल बंजरहा रामपुर से छेना रसगुल्ला तथा मोहन स्वीट्स एंड कैटर्स रगड़गंज अकबरपुर से खोया और पेड़ा का नमूना लिया गया।

जय अंबे स्वीट बाक्स गन्नीपुर बसखारी से पतीसा रोल और नंदिनी स्वीट बूंदी का नमूना लिया गया। कटरिया याकूबपुर अकबरपुर के राम सुभावन से बर्फी, रगड़गंज अकबरपुर के शुभम मोदनवाल से बर्फी और रजनीश ट्रेडर्स से डिब्बाबंद मिठाई का नमूना लिया गया। खाद्य विभाग के अनुसार प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद यदि किसी नमूने में अपमिश्रण पाया जाता है तो संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के खिलाफ विधिक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार राय, चंद्र प्रकाश यादव, मो. नसीम खान, ओम प्रकाश और संतोष कुमार वर्मा शामिल रहे। कार्रवाई सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 श्रवण कुमार त्रिपाठी के अनुसार की गई।

### इन प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूने

अभियान के दौरान हरिओम स्वीट हाउस मालीपुर चौराहा से खोया, राम अवतार पुत्र मेवालाल से बर्फी और साधूराम मिष्ठान भंडार सुरहुरपुर से खोया का नमूना लिया गया।

बब्लू स्वीट हाउस महरुआ से कलाकंद व गुलाब जामुन, वर्मा मिष्ठान भंडार से खोया और मनीष कुमार यादव के प्रतिष्ठान से पेड़ा का नमूना लिया गया।

### अस्वास्थ्यकर स्थिति में रखा 30 किलो रसगुल्ला नष्ट

बंजरहा रामपुर स्थित प्रदुम कुमार मोदनवाल के प्रतिष्ठान पर करीब 30 किलो छेना रसगुल्ला अस्वास्थ्यकर स्थिति में बिक्री के लिए रखा मिला। जनस्वास्थ्य को देखते हुए उसका नमूना लेने के बाद मौके पर ही पूरा स्टॉक नष्ट करा दिया गया। इसकी अनुमानित कीमत 9,000 रुपये बताई गई है।

# चीनी को लेकर अफवाहों पर प्रशासन सख्त, पर्याप्त स्टॉक

## डीएम के निर्देश पर पूरे जिले में थोक विक्रेताओं के यहां पहुंचीं प्रशासनिक टीमें

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले में चीनी की उपलब्धता को लेकर प्रशासन ने स्थिति साफ कर दी है। बाजार में चीनी की कमी नहीं है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसके बावजूद चीनी को लेकर किसी तरह की अफवाह फैलती है तो उस पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर सोमवार को सभी उपजिलाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में थोक विक्रेताओं और व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों और प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध चीनी के स्टॉक का सत्यापन किया गया।

जिला गन्ना अधिकारी साहब लाल यादव ने बताया कि जिले में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान में कमी जैसी कोई स्थिति नहीं है। लोगों से अपील की गई है कि चीनी की उपलब्धता या कीमत को लेकर किसी भी भ्रामक सूचना पर भरोसा न करें। प्रशासन ने थोक विक्रेताओं और व्यापारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं। चीनी की कालाबाजारी, जमाखोरी या जरूरत से अधिक अनावश्यक भंडारण नहीं किया जा सकता। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित व्यापारी के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। चीनी की उपलब्धता और बाजार की स्थिति पर प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है। आम लोगों से भी जरूरत के अनुसार ही चीनी खरीदने को कहा गया है, ताकि अफवाह के चलते अनावश्यक खरीदारी या भंडारण की स्थिति न बने।

**फास्ट न्यूज**

### अंबेडकरनगर में परीक्षा केंद्रों की कवायद तेज

अंबेडकरनगर। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2027 के लिए अंबेडकरनगर में परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। जिले के 369 विद्यालयों की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। केंद्र बनाने से पहले इन विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों और परीक्षा मानकों का भौतिक सत्यापन कराया जा चुका है।

### एसपी की जनसुनवाई में पहुंचीं फरियादें

अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सोमवार को अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। अलग-अलग समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की शिकायतों को उन्होंने गंभीरता से सुना। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को मामलों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राची सिंह ने अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी नहीं करने को कहा।

### 'नमाज रोकने की मांग की थी, नहीं मानी गई'

वाराणसी। सावन के अंतिम सोमवार को ज्ञानवापी परिसर में आदिविशेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने जा रहे शिव सैनिकों को पुलिस ने रोक दिया। पुलिस की कार्रवाई से नाराज शिव सैनिकों ने मौके पर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने जिला प्रशासन को पत्र सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया।

## बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर भाजपा का जोर

तमसा संकेत, संवाददाता




- अटल भवन में हुई सांगठनिक बैठक, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी अभियानों की तैयारियों पर बनी रणनीति

अंबेडकरनगर। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में रविवार को सांगठनिक बैठक हुई। क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी की मौजूदगी और जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई।

बैठक में पार्टी के अभियानों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर निर्भर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने दायित्वों का जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ निर्वहन करने को कहा। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने तथा सर्व समाज के लोगों से संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया।

जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ काम करने की बात कही। उन्होंने संगठन की विचारधारा और सरकार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

# राशन की दुकान के चयन पर हंगामा बिना मतदान लौटे ग्रामीण

## रामपुर-बेनीपुर में चयन प्रक्रिया रोकनी पड़ी, पुलिस ने संभाली स्थिति

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। बसखारी ब्लॉक के रामपुर-बेनीपुर गांव में सोमवार को राशन की दुकान के चयन को लेकर हंगामा हो गया। ग्रामीणों की आपत्ति के बाद चयन प्रक्रिया रोकनी पड़ी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मतदान नहीं हो सका और ग्रामीण वापस लौट गए।

गांव में रिक्त राशन की दुकान के चयन की प्रक्रिया चल रही थी। सोमवार को राशन कार्डधारकों के माध्यम से चयन प्रस्तावित था। इसके लिए ग्रामीणों और स्वयं सहायता समूहों की ओर से आवेदन किए गए थे।

चयन प्रक्रिया के दौरान कुछ ग्रामीणों ने आपत्ति जताई। उनका आरोप था कि सभी इच्छुक आवेदनों को प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। इसी बात को लेकर मौके पर हंगामा शुरू हो गया और मतदान की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।

हंगामे की सूचना पर हंसवर थानाध्यक्ष और टांडा पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित किया गया। इसके बाद बिना मतदान के ग्रामीण वापस लौट गए।

बसखारी के बीडीओ सतीश सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का चयन वरीयता के आधार पर किया जाना है। सभी आवेदन एनआरएलएम को भेजे जाएंगे। वहां से रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की बात से इनकार किया।

## पैक्स कर्मचारियों की समस्याओं पर मंथन आंदोलन की रणनीति होगी तय

### नवीन मंडी सिझौली के खुशहाली हाल में बुलाई गई बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। पैक्स कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और अधिकारों को लेकर प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियां तेज हो गई हैं। प्राथमिक सहकारी ऋण समिति कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश ने जिले के पैक्स सचिवों और कर्मचारियों की आवश्यक बैठक बुलाई है। बैठक में कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के साथ आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी।

बैठक में पैक्स कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया जाएगा। इनके समाधान के लिए आगे की कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा होगी। प्रस्तावित आंदोलन को प्रभावी तरीके से संचालित करने की रणनीति पर भी विचार किया जाएगा।

महासंघ के जनपद अध्यक्ष वशिष्ठ कुमार शुक्ल, महामंत्री जसवंत यादव, संगठन मंत्री दुर्गा प्रसाद पाण्डेय और कोषाध्यक्ष लाल बहादुर यादव की ओर से बैठक की सूचना जारी की गई है। इसमें जिले के सभी पैक्स सचिव, प्रभारी, आंकिक और विक्रेताओं को अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक नवीन मंडी सिझौली स्थित खुशहाली हाल में आयोजित होगी। महासंघ पदाधिकारियों ने सभी संबंधित कर्मचारियों से निर्धारित समय पर पहुंचकर बैठक में सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा है। बैठक की सूचना जिला सहकारी बैंक, सहकारिता विभाग के अधिकारियों और संबंधित तहसील स्तरीय अधिकारियों को भी भेजी गई है।

26 अगस्त को आयोजन, जायरीनों के लिए भोजन, फल, मिष्ठान और पानी की रहेगी व्यवस्था

# ईद मिलादुन्नबी पर सजेगा लंगर का दस्तरख्वान तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

**तैयारी**

- धार्मिक कार्यक्रमों के साथ होंगे नात-ओ-मनकबत और तकरीर
- आयोजन में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के पहुंचने की उम्मीद





> ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। नात-ओ-मनकबत और तकरीरें भी होंगी। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर लंगर के आयोजन किए जाने की तैयारी है।

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर 26 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में प्रभावती कैलाश चरित्र ट्रस्ट की ओर से वृहद लंगर का आयोजन किया जाएगा।

बसखारी-जलालपुर रोड पर सना स्वीट हाउस के सामने होने वाले लंगर की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शरद यादव, महामंत्री नदीम खान और कोषाध्यक्ष जावेद राइन के नेतृत्व में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### लंगर में भोजन के साथ फल और मिष्ठान की भी व्यवस्था

लंगर में आने वाले जायरीनों के लिए भोजन, फल, मिष्ठान और पानी की व्यवस्था की जाएगी। आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। आयोजकों की ओर से कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के शामिल होने की उम्मीद है। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

# दो माह से खेत की मेड़ का विवाद खत्म राजस्व टीम ने पुरानी मेड़ कराई बहाल

## भांऊ कुआं में लेखपाल ने दोनों पक्षों की मौजूदगी में किया मौके का निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जलालपुर तहसील क्षेत्र के भांऊ कुआं ग्राम सभा में खेत की मेड़ को लेकर दो माह से चल रहा विवाद सोमवार को राजस्व विभाग की कार्रवाई के बाद खत्म हो गया। लारपुर दक्षिण निवासी ज्ञानमती और गुलाबचंद यादव के बीच मेड़ को लेकर विवाद चल रहा था।

एसडीएम जलालपुर मधुमिता सिंह के निर्देश पर लेखपाल राकेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों की मौजूदगी में खेत की पुरानी स्थिति का निरीक्षण किया गया। इसके बाद पूर्व में कायम मेड़ को फिर से बहाल कराया गया।

ज्ञानमती ने आरोप लगाया था कि गुलाबचंद यादव ने खेत की मेड़ जोत दी थी। इससे खेत की सीमा को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। विवाद के चलते धान की फसल की बुवाई भी समय से नहीं हो सकी। समस्या के समाधान के लिए ज्ञानमती लगातार अधिकारियों से शिकायत कर रही थीं। इसके बाद मामला राजस्व विभाग के स्तर पर पहुंचा। एसडीएम के निर्देश के बाद लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर राजस्व स्थिति और खेत की पूर्व मेड़ का निरीक्षण किया। दोनों पक्षों की मौजूदगी में पुरानी स्थिति के अनुसार मेड़ कायम कराई गई।

राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया कि भूमि की पैमाइश या मेड़ की स्थिति को लेकर किसी पक्ष को आपत्ति होने पर वह नियमानुसार धारा 24 के तहत न्यायालय में प्रार्थना पत्र दे सकता है।

> अधिकारियों के अनुसार भूमि संबंधी विवादों में राजस्व अभिलेखों और मौके की स्थिति के आधार पर कार्रवाई की जाती है। भूमि के क्षेत्रफल या सीमा को लेकर विवाद होने पर निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत उसका निस्तारण कराया जाता है।

## संत रविदास के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

तमसा संकेत, संवाददाता



- सुल्तानपुर की तुलसीपुर थारू बस्ती में कलश वंदन यात्रा का आयोजन, सामाजिक समरसता और समानता का दिया संदेश

हजपुरा, अंबेडकरनगर। बरियावन क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर स्थित तुलसीपुर थारू बस्ती में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी की पावन मिट्टी से युक्त कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की अगुवाई विशाल समाजसेवी ने की। संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद लोगों ने उनके विचारों को अपनाने और सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे व आपसी सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

विशाल समाजसेवी ने कहा कि संत रविदास ने समाज में व्याप्त भेदभाव को दूर कर समानता, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रवि मौर्य, डॉ. संतोष अगस्त्य, रविंदर थारू, आकाश थारू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। महिलाओं और युवाओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

**प्रदर्शन :** ई-पॉस मशीनें जमा करने की चेतावनी, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर उठाईं कम वजन

# राशन वितरण व्यवस्था पर भड़के कोटेदार

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। राशन वितरण व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को लेकर सोमवार को जिलेभर के कोटेदारों ने कलेक्ट्रेट के पास प्रदर्शन किया। अंबेडकर प्रतिमा परिसर में जुटे कोटेदारों ने सप्लाई विभाग और राशन वितरण से जुड़े ठेकेदारों पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर ई-पॉस मशीनें जमा कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी।

कोटेदारों ने गोदामों से मिलने वाले राशन की बोरियों में निर्धारित मात्रा से कम वजन होने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कई जगह गोदाम से राशन उनकी दुकानों तक भी नहीं पहुंचाया जाता। इससे अतिरिक्त परेशानी के साथ आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कलेक्ट्रेट पहुंचे कोटेदारों ने संबंधित अधिकारियों से समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जिले के सभी कोटेदार एकजुट होकर ई-पॉस मशीनें जमा कर देंगे और अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे।

कोटेदारों की हड़ताल से सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर असर पड़ सकता है। अब प्रशासन की ओर से इस मामले में क्या कदम उठाया जाता है, इस पर नजर रहेगी।

> प्रदर्शन के दौरान राशन कार्डों में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए। कोटेदारों का आरोप है कि पात्रता की जांच किए बिना कुछ राशन कार्डों में नाम जोड़े और काटे जा रहे हैं। इससे राशन वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### निजी बाबुओं की मनमानी का लगाया आरोप

कोटेदार संघ के जिलाध्यक्ष राज कुमार वर्मा उर्फ मेला ने आरोप लगाया कि विभाग और ठेकेदारों की ओर से नियुक्त निजी बाबू कोटेदारों के साथ मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग स्तर पर कोटेदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने राशन वितरण व्यवस्था में अनियमितताओं का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि इन समस्याओं के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## गांव की चौखट पर पहुंचा न्याय मोबाइल कोर्ट में 10 मामलों का निस्तारण

तमसा संकेत, संवाददाता



- मुकुंदिपुर में लगी भीटी ग्राम न्यायालय की सचल अदालत, 28 पत्रावलियों में हुई सुनवाई

अंबेडकरनगर। भीटी तहसील के मुकुंदिपुर गांव में सोमवार को ग्राम न्यायालय भीटी की मोबाइल कोर्ट लगी। न्यायाधिकारी हिमांशु वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस एकदिवसीय अदालत में 28 पत्रावलियां सुनवाई के लिए नियत थीं। इनमें से 10 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। मोबाइल कोर्ट के आयोजन का उद्देश्य वादी और प्रतिवादी पक्ष को गांव के स्तर पर न्यायिक प्रक्रिया उपलब्ध कराना रहा। इससे संबंधित पक्षों को न्यायालय तक पहुंचने की परेशानी कम करने और लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने का प्रयास किया गया।

ग्राम न्यायालय के वरिष्ठ लिपिक प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि उच्चतम न्यायालय और इलाहाबाद हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। निर्धारित पत्रावलियों में से 10 की सुनवाई पूरी कर उनका निस्तारण किया गया।

मोबाइल कोर्ट में पेशकार शिवराम शुक्ला, लिपिक प्रिंस कुमार सिंह, स्टेनो निकेत कुमार, अर्दली दिनेश कुमार, कार्यालय चपरासी अमित उपाध्याय और कोर्ट मोहर्रिर ओम शिव मौजूद रहे। भीटी के पैरोकार दिनेश पांडे और महरुआ के पैरोकार संतोष कुमार ने भी जिम्मेदारी संभाली।

अधिवक्ता देवेंद्र पाल, आशुतोष पांडे, विवेक मिश्रा, दिवाकर पांडे और रितेश तिवारी समेत अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## चीनी के बाद प्याज महंगा



केंद्र सरकार के लिए यह चिंता का विषय बनना चाहिए कि चीनी के बढ़ते दामों के बीच प्याज के दामों में भी अप्रत्याशित तरीके से वृद्धि हो रही है। पिछले कई वर्षों में बरसात के मौसम में प्याज की आपूर्ति में कमी और उसके चलते उसके मूल्यों में वृद्धि देखने को मिली है, लेकिन यह ठीक नहीं कि रह-रहकर ऐसा हो। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को आवश्यक खाद्य सामग्री की आपूर्ति में कमी का आकलन समय रहते करना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, उसे ऐसे उपाय भी करने चाहिए, जिनसे बार-बार एक जैसे कारणों से प्याज अथवा अन्य सब्जियों की किल्लत न पैदा होने पाए। इसमें आसानी तब होगी, जब केंद्र सरकार राज्यों के संपर्क में रहेगी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की सतत निगरानी करेगी। सब्जियों अथवा अनाज के उत्पादन में कमी होने जा रही है, यह पहले से ही स्पष्ट हो जाता है। उचित यही है कि जैसे ही किसी फसल के उत्पादन में कमी के आसार नजर आएं, केंद्र सरकार को आवश्यक उपाय कर लेने चाहिए। सरकारों को इसका आभास होना चाहिए कि जब एक बार किसी आवश्यक वस्तु की आपूर्ति में कमी हो जाती है और उसके मूल्य बढ़ने लगते हैं तो फिर उन पर लगाम लगाना आसान नहीं होता, क्योंकि मुनाफाखोर एवं जमाखोर सक्रिय हो जाते हैं। देखना है कि सरकार प्याज के बफर स्टाक को सीधे थोक बाजार में उपलब्ध कराने के जो उपाय करने जा रही है, वे कितने प्रभावी सिद्ध हो पाते हैं? सरकारों को इससे अनभिज्ञ नहीं होना चाहिए कि प्याज जैसी आवश्यक वस्तु के मूल्यों में वृद्धि प्रतिकूल राजनीतिक माहौल बनाने का कारण बनती है और कभी-कभी तो वह चुनावों को भी प्रभावित करती है। समस्या केवल यह नहीं है कि पहले चीनी के दाम बढ़े और अब प्याज के मूल्य बढ़ गए। समस्या यह है कि आने वाले दिनों में कुछ सब्जियों और खाद्य तेल के मूल्य भी बढ़ने की आशंका है। यदि ऐसा होता है तो महंगाई बढ़ेगी और उससे आम आदमी प्रभावित होगा। यह सही समय है कि सरकार उस तंत्र को दुरुस्त करे, जिस पर आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की निगरानी रखने का दायित्व होता है।

यह ठीक है कि कभी-कभार कुछ आवश्यक वस्तुओं की कमी इसलिए हो जाती है, क्योंकि उसकी आपूर्ति आयात पर निर्भर करती है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में उस वस्तु के मूल्य बढ़ जाने से उसे महंगे दामों पर आयात करना पड़ता है। इस सबके बावजूद यह तो देखा ही जाना चाहिए कि आखिर कृषि प्रधान देश होते हुए भी भारत को दालों और खाद्य तेलों का आयात क्यों करना पड़ता है? यह ठीक नहीं कि दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के जो प्रयास किए गए, वे रंग लाते नहीं दिख रहे हैं। आज जब आत्मनिर्भरता की बातें हो रही है तो दलहन-तिलहन के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## चेहरा नहीं काम और काबिलियत देखकर चुनें शहर की सरकार

> लोकसभा चुनाव में हम देश की दिशा चुनते हैं ये विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सरकार। लेकिन नगर निकाय चुनाव हमारे रोजमर्रा के जीवन को सीधे प्रभावित करते हैं। इसमें हम अपने शहर या कस्बे का रोजमर्रा का जीवन तय करने वाले लोगों को चुनते हैं।



राजस्थान में स्थानीय निकाय चुनावों का बिगुल बज चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है और संबंधित शहरी क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस बार प्रदेश के 309 निकायों में चुनाव होंगे। इनमें 10 नगर निगमए 51 नगर परिषद और 248 नगरपालिकाएं शामिल हैं। कुल 10ए245 वार्डों में करीब 1 करोड़ 44 लाख मतदाता अपने प्रतिनिधि चुनेंगे। ये आंकड़े सिर्फ चुनाव की विशालता नहीं बतातेए बल्कि लोकतंत्र की एक बड़ी जिम्मेदारी भी सामने रखते हैं। सड़क कब बनेगीए कचरा कितनी नियमितता से उठेगाए नाली जाम होगी या नहींए बारिश में जलभराव कितना होगाए स्ट्रीट लाइट जलेगी या नहींए पार्क सुरक्षित रहेंगे या नहींए फुटपाथ बनेंगे या उन पर अतिक्रमण होगा। ण्ण्ण्ऐसे ही सवालों का सीधा संबंध स्थानीय शासन से है। इसलिए इस चुनाव में सबसे जरूरी सवाल यह नहीं होना चाहिए कि कौन जीत रहा हैघ् सवाल यह होना चाहिए कि जीतने वाला हमारे शहर के लिए करेगा क्याघ्

स्थानीय चुनावों की राजनीति अक्सर बेहद व्यक्तिगत होती है। यहां उम्मीदवार रिश्तेदारए पड़ोसीए परिचित या किसी सामाजिक समूह से जुड़ा व्यक्ति हो सकता है। यही वजह है कि जातीय समीकरणए व्यक्तिगत संबंध और स्थानीय गुटबाजी कई बार उम्मीदवार की योग्यता और काम पर भारी पड़ जाते हैं।

लेकिन हमको एक बात याद रखनी होगी कि सड़क जाति देखकर नहीं टूटतीए नाली धर्म देखकर जाम नहीं होती और कचरा किसी एक समुदाय की समस्या नहीं है। पानी की कमी पूरे मोहल्ले को परेशान करती है और जलभराव का पानी हर घर के सामने जमा हो सकता है।

इसलिए वोट भी ऐसे मुद्दों को ध्यान में रखकर होना चाहिएए जो पूरे वार्ड और शहर की जिंदगी को प्रभावित करते हैं।

कभी नगर निकाय चुनाव का मतलब सड़कए नाली और सफाई तक सीमित माना जाता था। आज शहरों की समस्याएं कहीं ज्यादा जटिल हैं। बढ़ती आबादीए ट्रैफिकए पार्किंगए प्रदूषणए जल संरक्षणए सीवरेजए कचरा प्रबंधनए सार्वजनिक परिवहनए फुटपाथए स्ट्रीट लाइटए डिजिटल नागरिक सेवाएं और महिलाओं की सुरक्षा भी स्थानीय शासन की प्राथमिकताएं हैं।

शहर तेजी से फैल रहे हैं। नई कॉलोनियां बन रही हैंए आबादी बढ़ रही है और पुराने शहरों पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में केवल गड्ढा भरने या नाली साफ कराने वाला प्रतिनिधि पर्याप्त नहीं होगा। जरूरत ऐसे प्रतिनिधि की हैए जो शहर की अगली दस.पंद्रह साल की जरूरतों को समझता हो।

चुनाव आते ही वादों की बारिश शुरू होगी। कोई सड़क बनवाने का वादा करेगाए कोई नालीए कोई पार्क और कोई नई सुविधा का। लेकिन मतदाता को वादे सुनकर खुश होने के बजाय कुछ बुनियादी सवाल पूछने चाहिए।

उम्मीदवार से पूछा जाना चाहिए कि वह जलभराव रोकने की क्या योजना रखता हैघ् कचरा प्रबंधन कैसे सुधारेगाघ् पार्किंग और ट्रैफिक की समस्या पर उसका क्या विचार हैघ् वार्ड में सार्वजनिक स्थानों को कैसे बचाएगाघ् महिलाओंए बच्चों और बुजुर्गों के लिए शहर को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की उसकी योजना क्या हैघ्

यह भी पूछें कि काम के लिए पैसा कहां से आएगाघ् प्राथमिकता क्या होगीघ् समय सीमा क्या होगीघ् जिम्मेदारी किसकी होगीघ् नगर निकाय के पास उस काम का अधिकार और बजट है भी या नहीं

यह सवाल इसलिए भी जरूरी हैंए क्योंकि चुनावी वादों और प्रशासनिक अधिकारों में अंतर होता है। हर समस्या का समाधान पार्षद अकेले नहीं कर सकता। लेकिन एक सक्षम प्रतिनिधि समस्या को सही विभाग तक पहुंचानेए बजट दिलाने और काम की निगरानी करने की क्षमता जरूर रखता है। यही फर्क एक सक्रिय पार्षद और केवल नाम के जनप्रतिनिधि के बीच होता है। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही आचार संहिता लागू हो गई है। संबंधित शहरी क्षेत्रों में नए विकास कार्यों की घोषणाए नए वर्क ऑर्डर और नए प्रोजेक्ट शुरू करने पर रोक रहेगी। हालांकि पहले से स्वीकृत और चल रहे विकास कार्य जारी रह सकते हैं।

इसका मतलब यह भी है कि चुनाव के दौरान किए जाने वाले विकास संबंधी दावों को मतदाता सावधानी से देखे। जो काम पहले से स्वीकृत हैए उसे चुनावी उपलब्धि बताकर पेश किया जा सकता हैय जो काम वास्तव में नया हैए उसकी स्थिति अलग होगी। जागरूक मतदाता को दोनों के बीच अंतर समझना चाहिए।

स्थानीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना अच्छी बात हैए लेकिन प्रतिनिधित्व का अर्थ केवल सीट पर पहुंचना नहीं है। जरूरी है कि निर्वाचित महिला प्रतिनिधि वास्तविक निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं। इसी तरह युवाओं की भूमिका सिर्फ सोशल मीडिया पोस्टए चुनाव प्रचार और नारे लगाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। शहर की नीतियोंए बजटए विकास योजनाओं और सार्वजनिक सुविधाओं को लेकर युवाओं को सवाल पूछने चाहिए। आखिर अगले दस.पंद्रह वर्षों का शहर उन्हें ही संभालना है।

हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की एक बड़ी समस्या यह है कि मतदान के बाद नागरिक अपनी जिम्मेदारी खत्म मान लेता है। चुनाव के दिन वोट डालकर पांच साल तक शिकायत करना लोकतंत्र नहीं है।

जनप्रतिनिधि चुनने के बाद नागरिकों को उससे नियमित संवाद करना चाहिए। वार्ड की समस्याओं पर लिखित शिकायत करनी चाहिएए विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाने चाहिए और सार्वजनिक धन के इस्तेमाल पर नजर रखनी चाहिए।

लोकतंत्र केवल वोट देने तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र का असली अर्थ है.सवाल पूछनाए जवाब मांगना और जरूरत पड़ने पर जवाबदेही तय करना।

बहरहालए मतदाताओं के सामने इस बार बड़ा अवसर है। वे केवल पार्षद नहीं चुनेंगेए बल्कि अपने शहरों की प्राथमिकताएं तय करेंगे।

**राजेश जैन**

## सांँसें इंतज़ार नहीं करती

साँसों का वक़्त भी किसी का सगा नहीं होता हैं ।कोई यह नहीं कह सकता की मैं 60, 96, 100, 120 , 150 आदि वर्ष का निश्चित रूप से आयुष्य पाउँगा क्यूँकि वितराग प्रभु , केवली आदि सर्वज्ञ थे जों मोक्ष गये वो अपना , सबका सब कूछ देख सकते थे ही वो ही अपनी साँसों के अन्तिम क्षण को परिवर्तित नहीं कर सके तो अपन कैसे कर सकते हैं यह काम ? गुरुदेव तुलसी ने एक श्रावक को कहा की धर्म संघ की सेवा में आ जाओ तो उस श्रावक ने कहा की गुरुदेव 60 साल की उम्र के बाद धर्म संघ की सेवा में आ जाऊँगा गुरुदेव ने उनको कूछ नहीं कहा । फिर जब भी वो गुरुदेव के दर्शन करते तो गुरुदेव उनसे पहला प्रश्न ही यही करते की तुम्हारी उम्र क्या हुई हैं तो वो कहते की मेरी उम्र 50 हुई हैं 52 हुई हैं आदि । ऐसे कूछ वर्षों के बाद गुरुदेव का महाप्रयाण हो गया । मेरे गाँव में सन्तों ने मेरे सामने एक श्रावक को कहा की आप के दोनो बेटे विदेशो में वर्षों से है आप यहाँ सतत् अकेले ही मार्बल का काम कर रहे हैं वर्षों से । अब आपको परिग्रह से धीरे - धीरे दूर होकर अध्यात्म में ज़्यादा से ज़्यादा रम जाना चाहिये और इसकी शुरुआत हो सुबह के प्रतिदिन के व्याख्यान में सामायिक से तो वो बोलें की कूछ वर्ष और व्यापार कर लूँ फिर मैं इसमें ज़्यादा समय दे दूँगा । मुनिवर ने फ़रमाया की वक़्त किसी का सग़ा नहीं होता हैं व साँसे किसी का इन्तज़ार नहीं करती हैं ।जब हम ढूँढते है अपने जीवन का सही प्रयोजन । तब मानो एकाएक हमारी साँसे थम जाती है और हम अपने अतीत के झरोखों में झांक़ने लग जाते है और हम समय को व्यर्थ ही पछताने में लगा देते है । हमको पता है की साँसें किसी का भी इंतज़ार नहीं करती है । मानव का जन्म होता ख़ाली हाथ है । और मरना ख़ाली हाथ है । जन्म व मृत्यु के बीच की साँसो के पल का किसी को पता नहीं । कुछ न जायेगा किसी के साथ । इस सर्वविदित सत्य से जानते - बूझते हैं हम अनभिज्ञ ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## गांधीजी के विचार ...

कुमार कृष्णन

# गांधी की विरासत को बाजार नहीं, संग्रहालय चाहिए

महात्मा गांधी के हाथों लिखे शब्दों और उनके जीवन में इस्तेमाल की गई वस्तुओं का मूल्य क्या हैघ् क्या उसे करोड़ों रुपये में मापा जा सकता हैघ् 19 अगस्त 2026 को हुई एक अंतरराष्ट्रीय नीलामी ने यह सवाल फिर सामने ला दिया। गांधीजी के निकट सहयोगी और स्वतंत्रता सेनानी आनंद टीण् हिंगोरानी के संग्रह से जुड़ी 86 वस्तुओं की नीलामी हुई। इनमें गांधीजी के पत्रए हस्तलिखित पांडुलिपियांए तस्वीरें और निजी वस्तुएं शामिल थीं। गांधीजी के 688 हस्तलिखित विचारों का संग्रह 16ण्20 करोड़ रुपये में बिका। इसे किसी भारतीय ऐतिहासिक दस्तावेज के लिए नीलामी में प्राप्त विश्व कीर्तिमान कीमत बताया गया।

बाजार के लिहाज से यह बड़ी खबर हो सकती हैए लेकिन इतिहास और राष्ट्रीय स्मृति के लिहाज से यह चिंता का विषय है। राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय के निदेशक एण् अन्नामलाई ने इस घटना को दुखद और पीड़ादायक बताया है। उनका कहना है कि गांधीजी के पत्रए पांडुलिपियां और निजी वस्तुएं केवल निजी संपत्ति नहींए बल्कि भारत की साझा विरासत और साझा इतिहास का हिस्सा हैं।

गांधीजी के विचार पुस्तकों में पढ़े जा सकते हैंए उनके भाषणों को सुना



जा सकता है और उनके जीवन पर हजारों पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं लेकिन उनके हाथ से लिखे मूल शब्द को देखना इतिहास के साथ एक अलग तरह का संवाद है। किसी हस्तलिखित पत्र में केवल शब्द नहीं होते। उसमें लेखक की लिखावटए स्याहीए कागजए हस्ताक्षरए तारीख और संशोधन भी इतिहास के प्रमाण होते हैं। इसलिए मूल दस्तावेज का महत्व उसकी प्रकाशित प्रतिलिपि से अलग होता है। गांधीजी के मामले में यह महत्व और बढ़ जाता है। उनके पत्रों में सार्वजनिक जीवन के साथ उनके निजी चिंतन की झलक भी मिलती है। हाल की नीलामी में शामिल 688 हस्तलिखित विचारों में सत्यए अहिंसाए ब्रह्मचर्यए निर्भयताए धार्मिक समानताए अस्पृश्यता.निवारणए प्रार्थनाए सेवाए श्रमए स्वराजए नैतिक जिम्मेदारी और ईश्वर की खोज जैसे विषय शामिल थे। इसलिए ये दस्तावेज केवल संग्रहणीय वस्तुएं नहींए बल्कि गांधी के विचारों को समझने के प्राथमिक स्रोत हैं।

यहां निजी स्वामित्व का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। गांधीजी से संबंधित अनेक पत्र और वस्तुएं उन परिवारों के पास हो सकती हैंए जिनके पूर्वज गांधीजी के संपर्क में रहे थे। पीढ़ी.दर.पीढ़ी ऐसी सामग्री परिवारों तक पहुंचती रही है। वर्तमान पीढ़ी शायद उसके ऐतिहासिक महत्व या वैज्ञानिक संरक्षण की आवश्यकता से पूरी तरह परिचित न हो। आर्थिक जरूरत या अनभिज्ञता के कारण ऐसी वस्तुएं नीलामी तक पहुंच सकती हैं।

इसलिए समाधान केवल नीलामी रोकना नहीं है। जरूरी है कि ऐसी व्यवस्था बने जिसमें निजी स्वामियों को अपनी ऐतिहासिक सामग्री सुरक्षित रखने के लिए संस्थागत सहयोग मिले। राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय इस दिशा में स्वाभाविक केंद्र बन सकता है। संग्रहालय में गांधीजी से जुड़े मूल अवशेषोंए पुस्तकोंए पत्र.पत्रिकाओंए दस्तावेजोंए तस्वीरों और श्रव्य.दृश्य सामग्री का महत्वपूर्ण संग्रह है। वह गांधीवादी विचार और शोध का प्रमुख संसाधन केंद्र भी है।

एण् अन्नामलाई ने अपील की है कि जिन लोगों के पास गांधीजी के पत्रए हस्तलिखित पांडुलिपियां अथवा उनके द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तुएं हैंए वे उन्हें बेचने या नीलाम करने के बजाय राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय को सौंपने के लिए आगे आएं। यह अपील महत्वपूर्ण हैए लेकिन इसके साथ एक व्यापक राष्ट्रीय नीति की जरूरत भी है। सरकार निजी व्यक्तियों के पास मौजूद गांधीजी से संबंधित सामग्री के स्वैच्छिक पंजीकरण की व्यवस्था कर सकती है। विशेषज्ञों से उसकी पहचान और प्रमाणिकता की जांच कराई जाए। उसकी उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल प्रतियां तैयार हों और मूल सामग्री के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक सलाह दी जाए। जरूरत पड़ने पर संग्रहालय ऐसी वस्तुओं के संरक्षण की जिम्मेदारी ले सकता है।

## राज्य ग्रामीण ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# अमेठी में महिला सशक्तिकरण का आधार बन रहीं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाएं

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समावेशन, सामाजिक उन्नयन और महिला सशक्तीकरण को गति देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत व्यापक स्तर पर योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। राज्य सरकार की मंशा प्रदेश की प्रत्येक ग्रामीण महिला को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की है। ग्रामीण विकास की यह बहुआयामी नीति आज लाखों महिलाओं के जीवन में संरचनात्मक बदलाव का आधार बन चुकी है।

जनपद अमेठी में इस नीति का प्रभावी क्रियान्वयन धरातल पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। पारंपरिक रूप से सीमित आय और खेती पर अत्यधिक निर्भरता के कारण ग्रामीण परिवारों को जिन आर्थिक विषमताओं का सामना करना पड़ता था, समूह आधारित आजीविका मॉडल ने उन चुनौतियों का स्थायी समाधान प्रस्तुत किया है। जनपद के ग्रामीण अंचलों में गठित स्वयं सहायता समूह आज आर्थिक स्वावलंबन के सशक्त केंद्र बनकर उभरे हैं।

अमेठी विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटरा फूलकुंवर की निवासी संगीता यादव का जीवन इस बदलाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुछ वर्ष पूर्व तक उनका परिवार केवल पारंपरिक कृषि पर आश्रित था, जिससे सीमित आमदनी के कारण बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में निरंतर कठिनाई आती थी। आजीविका साधनों के अभाव में संगीता को लगातार कठिन मेहनत के बाद भी बच्चों के पालन-पोषण के लिए जरूरी साधनों में भी कटौती करनी पड़ रही थी। संगीता के सामने आर्थिक अभाव का भारी दबाव बना हुआ था, जिसके कारण उन्होंने लगातार आय के अन्य साधनों के लिए अपना संघर्ष जारी रखा। इसी बीच उन्हें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में जानकारी हुई।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संपर्क में आने के उपरांत वर्ष 2021 में उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को संगठित कर 'शिव स्वयं सहायता समूह' का गठन किया और समूह के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाला। समूह की साप्ताहिक बैठकों, नियमित बचत की अनुशासनबद्ध प्रणाली और वित्तीय साक्षरता से जुड़े व्यावहारिक प्रशिक्षण ने उनके भीतर उद्यमशीलता और आत्मविश्वास का संचार किया।

प्रशासनिक सहयोग और समूह के माध्यम से सुलभ हुई प्रारंभिक वित्तीय सहायता के बल पर उन्होंने दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी उत्पादों को बनाना और उसको बाजार में बिकवाने का कार्य प्रारंभ किया। स्थानीय स्तर पर शुद्ध दुग्ध उत्पादों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर उन्होंने अपने उत्पादों के नियमित ग्राहक भी बनाएं। इसके साथ ही, उन्होंने बैंकिंग सखी के रूप में दायित्व संभालते हुए अपने क्षेत्र में डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया, जिससे ग्रामीणों को पेंशन, छात्रवृत्ति और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की धनराशि की सुगम निकासी की सुविधा मिलने लगी और संगीता की मेहनत से परिवार का आर्थिक आधार सुदृढ़ होने लगा।

## जरा हटके

# तकनीकी युवाओं के लिए स्वरोजगार हेतु बांट-माप उपकरणों की मरम्मत कार्यशाला स्थापना पर 50 हजार तक प्रोत्साहन

बदलते समय के साथ बाजार, उद्योग और व्यापार में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। दुकानों, मंडियों, औद्योगिक इकाइयों और विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सटीक माप के लिए आधुनिक बांट-माप उपकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में इन उपकरणों की नियमित जांच, रखरखाव और मरम्मत के लिए प्रशिक्षित तकनीकी मानव संसाधन की आवश्यकता भी बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आवश्यकता को युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इसी उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 'बाट-माप उपकरणों के मरम्मत कार्य हेतु लाइसेंस आवेदन के लिए तकनीकी डिप्लोमा/डिग्री धारक युवाओं को प्रोत्साहित करने की नीति-2026' लागू की है। इस नीति के माध्यम से तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों के मरम्मत-कर्ता के रूप में लाइसेंस प्राप्त कर अपनी कार्यशाला स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यशाला स्थापना में किए गए पात्र व्यय की प्रतिपूर्ति के रूप में अधिकतम 50 हजार रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता भी प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

**तकनीकी शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की पहल**

आज बड़ी संख्या में युवा आईटीआई, डिप्लोमा और इंजीनियरिंग जैसी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इन युवाओं के सामने चुनौती केवल शिक्षा प्राप्त करना नहीं, बल्कि अपनी तकनीकी दक्षता को स्थायी रोजगार अथवा स्वरोजगार में बदलना भी है। प्रदेश सरकार की यह नीति इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। नीति के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे तकनीकी क्षेत्रों में योग्यता रखने वाले



युवा इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों की मरम्मत के क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। इससे उन्हें किसी संस्था में नौकरी की तलाश करने के बजाय स्वयं का तकनीकी उद्यम शुरू करने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से सभी स्रोतों से वार्षिक आय 1.50 लाख रुपये से कम वाले तकनीकी योग्यता धारक युवाओं के लिए यह सहायता दी जाती है। कार्यशाला के लिए आवश्यक उपकरण खरीदने में होने वाला खर्च युवाओं के सामने सबसे बड़ी शुरुआती चुनौती होती है। सरकार द्वारा 50 हजार रुपये तक की प्रतिपूर्ति इस प्रारंभिक आर्थिक बोझ को कम करने में मदद करेगी।

**तकनीकी योग्यता रखने वाले युवाओं को मिलेगा अवसर**

इस नीति के अन्तर्गत इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों की मरम्मत के लिए लाइसेंस प्राप्त करने हेतु निर्धारित तकनीकी योग्यताओं में आईटीआई इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता शामिल है। इसके अतिरिक्त भौतिक विज्ञान सहित बीएससी तथा इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक या समकक्ष योग्यता रखने वाले युवा भी निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से संचालित किए जाने से युवाओं को विभागीय कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। पात्र युवा निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके बाद कार्यशाला स्थापित करने में हुए निर्धारित पात्र व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए विभागीय पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा।

इस नीति के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए कुछ आवश्यक शर्तें निर्धारित की गई हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उसकी सभी स्रोतों से वार्षिक आय 1.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए, जिसके समर्थन में आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक अथवा फर्म का जीएसटी पंजीकरण होना आवश्यक है तथा आवेदक या फर्म के नाम पर अलग बैंक खाता उपलब्ध होना चाहिए। कार्यशाला का न्यूनतम कार्पेट एरिया 13 वर्ग मीटर निर्धारित किया गया है। साथ ही कार्यशाला में कम से कम एक कुशल अथवा अकुशल सहायक रखना भी आवश्यक होगा। नीति के अंतर्गत एक परिवार से केवल एक व्यक्ति अर्थात स्वयं अथवा पति/पत्नी में से किसी एक को आवेदन की पात्रता होगी। इससे योजना के लाभ का अधिक से अधिक पात्र युवाओं तक पहुंचना सुनिश्चित किया जा सकेगा।

प्रदेश सरकार ने योजना में पारदर्शिता और संसाधनों के उचित उपयोग को ध्यान में रखते हुए कुछ श्रेणियों को पात्रता से बाहर रखा है। पूर्व से कार्यरत मरम्मतकर्ता लाइसेंसधारी व्यक्ति तथा सरकार की अन्य सब्सिडी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे व्यक्ति या फर्म इस नीति के अंतर्गत पात्र नहीं होंगे। इनमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (च्डम्ळच्), मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य राज्य अथवा केंद्र सरकार द्वारा पोषित सब्सिडी योजनाओं के लाभार्थियों को पात्र नहीं माना गया है। इस नीति के अन्तर्गत प्रतिपूर्ति 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किए जाने का प्रावधान है। नीति के क्रियान्वयन में डिजिटल व्यवस्था को विशेष महत्व दिया गया है। आवेदन के लिए वैध आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक है। विभागीय पोर्टल के माध्यम से नीति से संबंधित शासनादेश और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई है। ऑनलाइन आवेदन और दस्तावेजों की डिजिटल प्रक्रिया से व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा आवेदकों को आवेदन की प्रक्रिया और आवश्यक शर्तों की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी।

## डमी लाइसेंस, फर्जी बिलिंग और अवैध स्टॉक पर सख्ती, निर्माता स्तर तक होगी संदिग्ध दवाओं की जांच

# नकली-मिलावटी दवाओं पर योगी सरकार का शिकंजा

**निगरानी**

तमसा संकेत, संवाददाता



- कोडीन सिरप, पेन किलर और एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं पर विशेष नजर, संगठित अपराध मिला तो बीएनएस के तहत भी कार्रवाई
- बैंक ट्रांजेक्शन से डिजिटल रिकॉर्ड तक खंगालेगा एफएसडीए, काउंटरफीट दवा मिलने पर दर्ज होगी संयुक्त एफआईआर

लखनऊ। प्रदेश में नकली, अधोमानक, मिलावटी और नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ योगी सरकार ने शिकंजा और कस दिया है। मरीजों तक सुरक्षित और गुणवत्तापरक दवाएं पहुंचाने के लिए अब औषधि लाइसेंस जारी करने से लेकर दवाओं के भंडारण, बिलिंग और पूरी सप्लाई चेन तक कड़ी निगरानी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने औषधि विक्रय लाइसेंस की आड़ में अवैध कारोबार, डमी व्यक्तियों के नाम पर लाइसेंस, फर्जी बिलिंग, स्टॉक में हेराफेरी और काउंटरफीट दवाओं के नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गंभीर मामलों में कार्रवाई केवल ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि बीएनएस और एनडीपीएस की सुसंगत धाराओं के तहत भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। डायबिटीज, हाइपरटेंशन, एंटीबायोटिक्स, कैंसर ड्रग्स और पेन किलर जैसी फास्ट मूविंग तथा हाई वैल्यू दवाओं के लेजर स्टॉक और वास्तविक स्टॉक का मिलान किया जाएगा। दोनों में अंतर मिलने पर खरीद-बिक्री और दवा के स्रोत की जांच होगी। एक ही फर्म से माल खरीदकर उसी को वापस बेचने, असामान्य रूप से कम कीमत पर दवा बेचने, सीमित स्थानीय विक्रेताओं के बीच क्रॉस बिलिंग या केवल कागजों पर स्टॉक एडजस्टमेंट जैसी गतिविधियां मिलने पर जांच निर्माता स्तर तक पहुंचेगी।

### डमी व्यक्ति के नाम पर नहीं मिल सकेगा लाइसेंस

नए थोक औषधि लाइसेंस के लिए आवेदक और फर्म की पृष्ठभूमि का गहन सत्यापन किया जाएगा। पहले अवैध दवा कारोबार में शामिल रहे व्यक्तियों को पति-पत्नी, भाई-बहन, माता-पिता, अन्य सगे-संबंधियों या किसी डमी व्यक्ति के नाम पर नया लाइसेंस हासिल करने से रोका जाएगा। गंभीर उल्लंघनकर्ताओं को लाइसेंस प्राप्त करने से डिबार किया जाएगा। उनके बिजनेस पार्टनर और एसोसिएट की भूमिका की भी जांच होगी। इसके अतिरिक्त, आवासीय क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठानों को औषधि विक्रय लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा। भौतिक निरीक्षण में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिस स्थान के लिए लाइसेंस मांगा गया है, उसका वास्तविक उपयोग व्यावसायिक गतिविधि के लिए ही हो रहा है।

### लाइसेंस किसी के नाम, कारोबार कोई और चला रहा तो होगी कार्रवाई



निरीक्षण के दौरान यह भी जांचा जाएगा कि दुकान या प्रतिष्ठान वास्तविक लाइसेंसधारी ही चला रहा है या उसके नाम पर कोई दूसरा व्यक्ति कारोबार कर रहा है। बैंक खाता, जीएसटी पंजीकरण और अन्य कानूनी दस्तावेज भी लाइसेंसधारी के नाम पर होने चाहिए। लाइसेंस किसी महिला या अन्य व्यक्ति के नाम पर लेकर कारोबार किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा संचालित किए जाने की पुष्टि हुई तो लाइसेंस के निलंबन, निरस्तीकरण और अभियोजन की कार्रवाई होगी। लाइसेंसी दुकान से अलग बेसमेंट, आवासीय मकान या किराए के कमरे में बिना लाइसेंस दवाओं का स्टॉक मिलने पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। यानी जांच अब केवल दुकान तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि दवाओं के वास्तविक भंडारण के संभावित ठिकाने भी खंगाले जाएंगे।

**लाइसेंस से सप्लाई चेन तक कड़ी निगरानी**

> खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब की ओर से जारी एसओपी में औषधि निरीक्षकों और अनुज्ञापन प्राधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। नई व्यवस्था में कोडीन सिरप, पेन किलर, फास्ट मूविंग एवं हाई वैल्यू दवाओं के साथ एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। संदिग्ध दवाओं के मामले में खरीद-बिक्री की पूरी चेन के साथ बैंक ट्रांजेक्शन और डिजिटल रिकॉर्ड की भी बैक ट्रैकिंग होगी।

**फास्ट न्यूज**

### यूपी में स्वाइन-फ्लू को लेकर अलर्ट

लखनऊ । देश में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए यूपी का स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वाइन फ्लू की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश में निगरानी व्यवस्था और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और महानिदेशक स्वास्थ्य को पत्र जारी कर स्वाइन फ्लू के मामलों की लगातार समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा है।

### रॉन्ग साइड रोकने पर ट्रैफिक कांस्टेबल से मारपीट

लखनऊ । लखनऊ के बाराबिरवा चौराहे पर रॉन्ग साइड से आ रही कार को रोकने पर ट्रैफिक कांस्टेबल से तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ट्रैफिक पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल जसवंत यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 अगस्त को वह बाराबिरवा चौराहे पर ड्यूटी कर रहे थे। शाम करीब 4:30 बजे गुजरात नंबर की गाड़ी GJ27EF8097 को बदनाम लड्डू की तरफ से रॉन्ग साइड से आलमबाग की तरफ आते देखा।

### यूट्यूब से ताला तोड़ना सीखकर मंदिर में की चोरी

लखनऊ । ऐशबाग स्थित जैन मंदिर चैत्यालय से अष्टधातु की भगवान अनंतनाथ की मूर्ति, चांदी का सिंहासन, छत्र और पंचमेरू समेत करीब 15 लाख रुपए की चोरी हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सीतापुर के महौली निवासी संजय शुक्ला पुत्र लल्लूराम शुक्ला के रूप में हुई है।

## एसपी बीजेपी के बीच बायपोलर होगा चुनाव : अखिलेश यादव

### असली मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रही है भाजपा

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि देशभर में सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारी में जुटे हैं, लेकिन असल मुकाबला समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच ही होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता अब भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करना चाहती है।

पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जनता को असली मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रही है। वंदे मातरम् जैसे मुद्दे में लोगों को उलझाकर महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं को पीछे धकेलने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा, भाजपा जनता को उलझाना चाहती है।

अखिलेश ने महंगाई पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार के राज में महंगाई लगातार बढ़ रही है। त्योहारों के मौके पर इसे और बढ़ा दिया गया है। अपने लोगों को मुनाफा दिलाने के लिए चीनी के दाम बढ़ा दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को जनता की चिंता नहीं, बल्कि उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाना है। उर्वरक चोरी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, पहले बोरी में खाद चोरी हो रही थी, अब पूरी बोरी ही गायब हो गई है।

लखनऊ के बुद्धेश्वर इलाके में पशुपालकों के साथ हो रहे व्यवहार पर भी उन्होंने निशाना साधा।

## सपा विधायक, सांसद चंद्रशेखर समर्थक धरने पर बैठे, पुलिस टांग ले गई

# 243 भैंसों की नीलामी में बवाल, लात-घूसे चले

तमसा संकेत, एजेंसी





सपा और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया।

लखनऊ । लखनऊ में नगर निगम सोमवार सुबह 11 बजे से अवैध डेयरियों से जब्त की गईं भैंसों की नीलामी करा रहा है। दोपहर करीब 1 बजे सपा यूथ ब्रिगेड और सांसद चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। सीतापुर से आए एक युवक को लात-घूसो से पीट दिया।

सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नीलामी में लखनऊ के बाहर के लोग आए हैं। इनमें कई कसाई हैं। पुलिस ने हंगामा बढ़ते देख बीच-बचाव कराया।

थोड़ी देर में लखनऊ पश्चिम विधानसभा से सपा विधायक अरमान खान मौके पर पहुंचे। वे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को जबरन हटाया। एक-एक प्रदर्शनकारियों को टांग-टांगकर बस में बिठाया और ईको गार्डन ले गई। विधायक अरमान ने अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव को पत्र देकर नीलामी रोकने की मांग की। इधर, लखनऊ के रहने वाले कारोबारी मोहम्मद शाकिर ने 12 लाख 1 हजार रुपए की सबसे अधिक बोली लगाकर ठाकुरगंज कांजी हाउस की 40 भैंसों की नीलामी जीत ली है।

दरअसल, पारा इलाके में कई अवैध डेयरियां चल रही थीं। 16 अगस्त को नगर निगम की टीम पुलिसवालों के साथ अतिक्रमण हटवाने पहुंची थी। लेकिन स्थानीय लोगों ने एक दरोगा पर हमला कर दिया। इसके बाद 17 और 18 अगस्त को अभियान चलाया गया। अवैध डेयरियों से 241 भैंस, 1 भैंसा और 1 पड़िया पकड़ा था। उन्हें कांजी हाउस में रखा गया है। एक भैंस के लिए बेस प्राइस 21,000 रुपए रखा गया है। नीलामी में शामिल होने के लिए 1 लाख 2 हजार रुपए जमा कराए गए हैं।

> पुलिस ने नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन कर रहे लोगों को हल्का बल प्रयोग कर हटाया। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को उठाकर मौके से बाहर किया। मौके पर स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

### नीलामी के बीच एक बार फिर हंगामा शुरू

भैंसों की नीलामी के दौरान एक बार फिर विरोध शुरू हो गया। एक व्यक्ति ने अनियमितता का आरोप लगाया और विरोध जताते हुए बाहर चला गया। मौके पर मौजूद लोगों ने मामले को शांत कराने की कोशिश की। ठाकुरगंज कांजी हाउस की 40 भैंसों की नीलामी के लिए बोली 4 लाख 40 हजार रुपये से शुरू हुई। नीलामी के दौरान बोली बढ़ती गई और मोहम्मद शाकिर ने 12 लाख 1 हजार रुपये की सबसे अधिक बोली लगाकर नीलामी जीत ली।

## अपने छात्र जीवन की यादें साझा कर युवाओं को दी लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी की सीख

# ज्ञानेश कुमार ने कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में छात्रों से किया प्रेरक संवाद

> इस अवसर पर जिलाधिकारी विशाल जी, कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने अपने दो दिवसीय लखनऊ दौरे के दौरान ऐतिहासिक कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज के अवध हॉल में छात्रों के साथ प्रेरणादायक संवाद किया। इस दौरान उन्होंने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करने के साथ ही भारतीय लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया, ईवीएम की विश्वसनीयता, फेक न्यूज से सतर्कता और युवा मतदाताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने वर्ष 1979 के अपने छात्र जीवन, अपने शिक्षकों और विद्यालय से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि आज वे जिस मुकाम पर हैं, उसमें विद्यालय और उनके गुरुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी उनकी विशेष रुचि रही। उन्होंने छात्रों से कहा कि शिक्षा और खेलकूद जीवन में समान रूप से महत्वपूर्ण हैं तथा विद्यार्थियों को दोनों क्षेत्रों में संतुलन बनाकर आगे बढ़ना चाहिए।

श्री ज्ञानेश कुमार ने बताया कि अमेरिका जाने की तैयारी के दौरान उनकी माताजी की इच्छा और मातृभूमि के प्रति लगाव ने उन्हें देश में रहकर जनसेवा करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने आईएएस की परीक्षा उत्तीर्ण की और केरल कैडर से प्रशासनिक सेवा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देश सेवा की इसी यात्रा ने उन्हें आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के दायित्व तक पहुंचाया है।

भारतीय चुनाव व्यवस्था की विशालता का उल्लेख करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि भारत में करीब 100 करोड़ मतदाता हैं और इतनी बड़ी आबादी के लिए चुनाव कराना अपने आप में एक विशाल कार्य है।

### भारतीय ईवीएम सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा निर्मित

ईवीएम से संबंधित सवालों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय ईवीएम सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा निर्मित की जाती हैं और वे इंटरनेट, ब्लूटूथ या वाई-फाई से जुड़ी नहीं होतीं। उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया के दौर में भ्रामक सूचनाओं और फेक न्यूज से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना को स्वीकार करने से पहले उसके स्रोत और सत्यता की जांच करना आवश्यक है।

### रॉन्ग साइड रोकने पर ट्रैफिक कांस्टेबल से मारपीट

लखनऊ । लखनऊ के बाराबिरवा चौराहे पर रॉन्ग साइड से आ रही कार को रोकने पर ट्रैफिक कांस्टेबल से तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने कांस्टेबल का कॉलर पकड़कर उसकी वर्दी फाड़ दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ट्रैफिक पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल जसवंत यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 अगस्त को वह बाराबिरवा चौराहे पर ड्यूटी कर रहे थे। शाम करीब 4:30 बजे गुजरात नंबर की गाड़ी GJ27EF8097 को बदनाम लड्डू की तरफ से रॉन्ग साइड से आलमबाग की तरफ आते देखा। कार के कारण ट्रैफिक बाधित हो रहा था। कांस्टेबल ने कार को रुकवा दिया। आरोप है कि कार से तीन लोग उतरे और जबरन रॉन्ग साइड से जाने की जिद करने लगे। कांस्टेबल ने उन्हें ट्रैफिक का हवाला देते हुए रोक दिया। इस पर तीनों भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे।

## शिक्षकों को सेंसेटाइजेशन वीडियो से जोड़ रही योगी सरकार

### 'प्रशस्त 2.0' से मजबूत होगी बच्चों की स्क्रीनिंग

तमसा संकेत, संवाददाता

- बच्चों की स्क्रीनिंग से पहले शिक्षकों को संवेदनशील बनाने पर विशेष जोर
- करीब 40 मिनट के 10 सेंसेटाइजेशन वीडियो के माध्यम से शिक्षकों को दी जा रही आवश्यक जानकारी
- परिषदीय, प्राइवेट एडेड और प्राइवेट अनएडेड विद्यालयों के सभी शिक्षकों को प्रशस्त एप/पोर्टल से जोड़ा जा रहा

तकनीक आधारित व्यवस्था से बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पहचान को मिलेगा अधिक व्यवस्थित आधार

लखनऊ। हर बच्चे की जरूरत को समझकर उसे उपयुक्त शैक्षिक सहयोग उपलब्ध कराना योगी सरकार की समावेशी शिक्षा नीति का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इसी दिशा में 'प्रशस्त 2.0' के माध्यम से बच्चों की स्क्रीनिंग से पहले शिक्षकों को संवेदनशील और तैयार करने की विशेष व्यवस्था की गई है। प्रशस्त एप/पोर्टल पर उपलब्ध सेंसेटाइजेशन वीडियो के जरिए शिक्षकों को बच्चों की स्क्रीनिंग की प्रक्रिया और उसकी आवश्यकता को समझने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि विद्यालय स्तर पर बच्चों की जरूरतों की पहचान अधिक संवेदनशीलता और समझ के साथ की जा सके।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के निर्देशों के क्रम में सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को अपने स्तर से संबंधित शिक्षकों को सेंसेटाइजेशन वीडियो देखने के लिए निर्देशित करने को कहा गया है।

**तबादला :** संगीता सिंह मुरादाबाद की कमिश्नर बनीं, यूपी में 17 आईएएस के तबादले

# कमान : आजम का किला ढहाने वाले आईएएस को नहीं मिला सेवा-विस्तार

तमसा संकेत, एजेंसी



संगीता सिंह उत्तर प्रदेश कैडर की 2009 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं।

लखनऊ। यूपी सरकार ने रविवार रात 17 IAS अफसरों का तबादला कर दिया। अलीगढ़ कमिश्नर संगीता सिंह को मुरादाबाद की कमान सौंपी गई। इसके साथ ही यह साफ हो गया है कि सपा नेता आजम खान का किला ढहाने वाले मुरादाबाद कमिश्नर आन्जनेय सिंह को 8वीं बार सेवा विस्तार नहीं मिला। उन्हें सरकार ने रिलीव कर दिया। अब उनका सिक्किम कैडर में लौटना तय है। हालांकि, वे अब नई दिल्ली में सिक्किम के स्थानिक आयुक्त के पद पर तैनाती पाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा, यूपी जल निगम (ग्रामीण) के एमडी डॉ. राजशेखर को हटा दिया गया है। उनकी कार्यशैली से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह नाराज थे। चैत्रा वी को मंत्री दयाशंकर दयालु की नाराजगी के बाद हटा दिया गया है। चीनी की किल्लत की खबरों के बीच वेटिंग में चल रहीं IAS अमृत पाल कौर को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें चीनी मिल्स संघ लिमिटेड का संयुक्त प्रबंध निदेशक बनाया गया है।

**डॉ. राजशेखर- मंत्री, विभाग के मुख्य सचिव से नहीं पट रही थी**

यूपी जल निगम (ग्रामीण) के एमडी डॉ. राजशेखर को साइडलाइन कर दिया गया है। उन्हें नियोजन विभाग का सचिव बनाया गया है। माना जा रहा है कि गांवों में हर घर नल योजना के क्रियान्वयन की शिकायतों के बाद उनका तबादला किया गया है। राजशेखर की कार्यशैली से जलशक्ति मंत्री नाराज थे।

**चैत्रा वी - मंत्री उनकी कार्यशैली से नाराज थे, मामला सीएम तक पहुंचा था**

महानिदेशक आयुष एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय आयुष मिशन के पद पर तैनात चैत्रा वी. को साइडलाइन कर राजस्व परिषद में सदस्य (न्यायिक) बनाया गया है। चैत्रा वी. की विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार और विभागीय मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु से नहीं पट रही थी। दोनों उनके कामकाज को लेकर नाराज थे। सीएम योगी तक मामला भी पहुंचा था।

**कुमार प्रशांत सहकारिता आयुक्त बने, LDA के सचिव पशुपालन विभाग भेजे गए**

लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) के सचिव विवेक श्रीवास्तव का तबादला कर उन्हें पशुपालन विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। इसके अलावा, लंबे समय से राज्य सूचना आयोग के सचिव पद पर तैनात कुमार प्रशांत को अब सहकारिता विभाग में आयुक्त एवं निबंधक बनाया गया है।

**रवींद्र कुमार से जल निगम एमडी का चार्ज वापस लिया**

नगर विकास विभाग के सचिव रवींद्र कुमार से एमडी, यूपी जल निगम (नगरीय) और राज्य मिशन निदेशक, अमृत का चार्ज वापस ले लिया गया है। उनकी जगह मासूम अली सरवर को इन दोनों पदों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उनसे नियोजन विभाग के सचिव का कार्यभार वापस लिया गया है।

**गुर्राला श्रीनिवासुलु को सूचना आयोग भेजा, प्रमोद कुमार ग्राम्य विकास आयुक्त बने**

समाज कल्याण विभाग के सचिव प्रमोद कुमार उपाध्याय का तबादला कर उन्हें ग्राम्य विकास आयुक्त बनाया गया है।

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव अमृत त्रिपाठी को राजस्व परिषद, प्रयागराज में सदस्य (न्यायिक) बनाया गया है।

# विधायिका की गरिमा और जनप्रतिनिधियों की डिजिटल सुरक्षा दोनों जरूरी : महाना

> मा वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि तकनीक बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है और उसी के साथ साइबर अपराध के तरीके भी बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में साइबर अपराध और डिजिटल फ्रॉड का दुरुपयोग देखने को मिल रहा है। इससे बचने के लिए जानकारी और जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण हथियार हैं।

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधानसभा के मा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायिका लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है और इसकी गरिमा बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। पिछले कई दशकों में विधायिका की गरिमा को लेकर जो गिरावट आई है, उसे बदलने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ विधायकों को तकनीक की समझ विकसित करनी होगी, क्योंकि आज जनप्रतिनिधियों का सार्वजनिक जीवन डिजिटल माध्यमों से भी जुड़ा हुआ है। होटल सेन्ट्रम में विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित "साइबर सुरक्षा : ए डिजिटल सिक्योरिटी ब्रीफिंग फॉर लेजिस्लेटर्स" की तीसरी कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री महाना ने कहा कि सोशल मीडिया जनता से संवाद का प्रभावी माध्यम है, लेकिन इसके इस्तेमाल में संयम और सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने विधायकों से कहा कि यदि कोई नकारात्मक, आपत्तिजनक या अनावश्यक पोस्ट सामने आती है तो उस पर प्रतिक्रिया देने के बजाय उसे तत्काल ब्लॉक कर दें। जनप्रतिनिधियों को अपनी डिजिटल छवि के साथ-साथ विधायिका की गरिमा का भी ध्यान रखना चाहिए। महाना ने कहा कि आज साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विशेषज्ञों का विषय नहीं रह गया है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते इस्तेमाल के साथ प्रत्येक व्यक्ति को साइबर सुरक्षा की बुनियादी जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक योग्य विधायक केवल सदन की कार्यवाही और अपने क्षेत्र की समस्याओं को समझने वाला ही नहीं, बल्कि समय के साथ बदलती चुनौतियों को समझने और उनसे निपटने में सक्षम भी होना चाहिए।

## बस्ती में उलाहना देने पर पीटकर मार डाला, गुस्साए कार्यकर्ताओं ने चौकी घेरी

# बजरंग दल के जिलाध्यक्ष के बहनोई की हत्या

**वारदात**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बस्ती। बस्ती में बजरंग दल के जिलाध्यक्ष के बहनोई को पीट-पीटकर मार डाला। रविवार रात को पुरानी रंजिश और उलाहना देने पर आरोपियों ने हमला कर दिया। यहां चारपाई के पाट से इतना पीटा की युवक लहूलुहान होकर गिर गया। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी और कार्यकर्ताओं ने महसो चौकी घेर ली। पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग कर नारेबाजी करने लगे। सीओ के आश्वासन पर 1 घंटे बाद कार्यकर्ता वापस लौटे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।




पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को दे दिया गया है। मामला लालगंज थाना क्षेत्र का है।

विश्वनाथ पांडेय के परिवार की अमरीश पांडेय के परिवार से रंजिश चल रही है। रविवार रात करीब 11 बजे मनीष धान के खेत की सिंचाई करके घर लौटा था। अमरीश के भाई श्याम उर्फ छोटू का पड़ोसी शरदचंद्र पांडेय से किसी बात पर झगड़ा हो रहा था। झगड़े के बीच श्याम मनीष को भी अपशब्द कहने लगा।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना से गुस्साए परिजनों और राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी कार्रवाई की मांग को लेकर महसो चौकी पहुंच गए। सैकड़ों कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। चौकी इंचार्ज और पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बड़े भाई की तहरीर पर पुलिस ने अमरीश, श्याम, अंजनी, रोशन, आशा देवी और अभिषेक गौड़ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीओ ने आरोपियों की गिरफ्तारी और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### आरटीओ ऑफिस में नौकरी करता था

महसो ग्राम पंचायत के पूरब टोला में विश्वनाथ पांडेय ईंट-भट्ठे में मुंशी का काम करते हैं। तीन बेटों में सबसे बड़ा बेटा सुशील पांडेय उर्फ नवीन पशु चिकित्सक है। सुशील की शादी राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी की बहन पुनीता से हुई है। सुशील का दूसरे नंबर का भाई मनीष पांडेय (26) आरटीओ ऑफिस में संविदा पर काम करता था। सबसे छोटा आयुष इलाहाबाद में IAS की तैयारी कर रहा है।

> **मनीष ने गाली-गलौज का विरोध किया और आरोपी श्याम के घर पर उलाहना देने गया। उसे घर पर आता देख श्याम ने समझा कि मनीष उसे मारने के लिए घर आ रहा है। आरोपी ने पहले मनीष के ऊपर ईंट फेंका और फिर लकड़ी की पाटी से हमला कर दिया।**



■ युवक की हत्या की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

### लहूलुहान होकर गिरा तो धमकी देकर भागा

मारपीट से घायल होकर मनीष लहूलुहान होकर नाली के पास गिर गया। घर वाले तुरंत उसे जिला अस्पताल लेकर गए। लेकिन हालत गंभीर होने पर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिजन निजी वाहन से मनीष को गोरखपुर ले जा रहे थे, जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## एसएसपी के खिलाफ पत्नी-बच्चों संग आंदोलन करूंगा : किसान नेता

### 'चोली के पीछे क्या है' गाने पर नचाकर पीटा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मेरठ । 'चोली के पीछे क्या है...' गाने पर मुझे नचाया। मेरठ SSP अविनाश पांडेय और इंस्पेक्टर ने अपने चैंबर में गालियां दीं। मारा-पीटा और अपने बूट से वार किए। मुझे अंदरूनी चोटें आईं और एक आंख भी सूज गई। पांच दिन बाद भी पुलिसवालों पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पिटाई के सुबूत खत्म हो रहे हैं। अगर मेरा मुकदमा 2 दिन में नहीं लिखा गया तो मैं पत्नी, बच्चों के साथ आंदोलन करूंगा।

बातचीत में किसान नेता दिग्विजय भाटी ने कहीं। वहीं, दिग्विजय भाटी को न्याय दिलाने के लिए आगे आए सपा विधायक अतुल प्रधान ने कहा- मामले में शामिल लोगों के खिलाफ उसी तरह कार्रवाई हो, जैसे कानून तोड़ने वाले गुंडे-बदमाशों पर होती है। दिग्विजय भाटी और अतुल प्रधान से बातचीत और पूरे मामले को विस्तार से जानते हैं. भारतीय किसान यूनियन (बीआर




अंबेडकर) के अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय भाटी ने कहा- घटना 19 अगस्त की है। अब तक मेरा मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पुलिस ने अब तक मेरी लिखित शिकायत भी नहीं ली। मेरी मेडिकल जांच भी नहीं कराई गई। मैं घटना के बाद से लगातार परेशान हूं। मैं पिटाई के बाद से नहाया नहीं हूं।

दिग्विजय भाटी ने मामले की SIT से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा- जांच की निगरानी किसी पूर्व जज से कराई जाए, ताकि जांच निष्पक्ष तरीके से हो सके। हमें डर है कि कहीं जांच को पुलिस विभाग के अफसर ही प्रभावित न कर दें। मुझे जांच के लिए DIG सहारनपुर के सामने बुलाया गया था।

**फास्ट न्यूज**

### रिटायर्ड जेई के बेटे समेत दो युवकों की संदिग्ध मौत

कानपुर । कानपुर में अलग-अलग जगहों पर दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पहली घटना चकेरी की है, जहां BSNL से रिटायर JE के 36 वर्षीय बेटे अमित शर्मा की पेनकिलर खाने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई। दोस्त उसे घर लेकर पहुंचे, लेकिन हालत ज्यादा खराब होने पर परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### फर्जी दिव्यांग गिरोह का पर्दाफाश

कानपुर। कानपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा कर नौकरी हासिल करने वाले गिरोह का सचेंडी पुलिस और एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। गिरोह स्वस्थ अभ्यर्थियों के फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाकर उन्हें दिव्यांग कोटे का लाभ दिलाता था। इसके बाद रुपये लेकर पेशेवर लेखक सहायक की व्यवस्था कर परीक्षा में उनकी जगह प्रश्नपत्र हल कराया जाता था। 22 अगस्त को बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान की प्रोबेशनरी अधिकारी व प्रबंधन प्रशिक्षु प्रारंभिक परीक्षा के दौरान पुलिस ने चार आरोपितों को पकड़कर गिरफ्तार किया है।

### 80 फीट गहरे कुएं में गिरा युवक

आगरा। आगरा के सदर बाजार क्षेत्र में नामनेर के पास करीब 80 फीट गहरे कुएं में एक व्यक्ति गिर गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कुएं में उतरकर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार व्यक्ति शराब के नशे में कुएं में गिरा था। आगरा के सदर बाजार क्षेत्र में नामनेर के पास सालों पुराना करीब 80 फीट गहरा कुआं है। कुआं सूख गया है। इसमें लोग कूड़ा करकट डालते हैं।

## सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में डीएम ने कसे अफसरों के पेंच

### धीमी प्रगति वाले कामों की होगी नियमित निगरानी

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। सीएम डैशबोर्ड पर जिले के विकास कार्यों की प्रगति और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभागवार योजनाओं और कार्यक्रमों की स्थिति पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे। पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के निर्धारित मानकों और पैरामीटर पर नियमित प्रगति बनाए रखने के निर्देश दिए। लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने को कहा गया। सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार के लिए कम प्रगति वाले बिंदुओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित अवधि में गंभीरता से निस्तारण किया जाए।

अधिकारियों को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहने के निर्देश दिए गए।

## 1 मिनट तड़पता रहा, 70 हजार कमाने लखीमपुर से महाराष्ट्र गया था

# खौलते गुड़ की कढ़ाई में गिरकर जिंदा जला युवक

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर का रहने वाला 25 साल का युवक खौलते गुड़ की कढ़ाई में गिरकर जिंदा जल गया। वह 1 मिनट तक कढ़ाई में तड़पता रहा। दर्द से तड़पते हुए वह 'बचाओ, अरे भैया बचाओ' गुहार लगाता रहा।

चीख सुनकर प्लांट में मौजूद उसके साथी दौड़े। बड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी पूरी खाल उतर चुकी थी। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना 21 अगस्त की है। वीडियो रविवार की शाम करीब 9 बजे सामने आया। युवक महाराष्ट्र के गुड़ प्लांट में काम करता था। परिवार




पर 70 हजार रुपए कर्ज था। उसी कर्ज को उतारने के लिए वह कमाने महाराष्ट्र गया था। तारीख 21 अगस्त, समय दोपहर 2:25 बजे। प्लांट में दो बड़ी-बड़ी कढ़ाई में गुड़ खौल रहा था। सभी मजदूर अपने-अपने काम में व्यस्त थे। दानिश कढ़ाई के बिल्कुल किनारे आकर खड़ा हो गया। थोड़ी देर में उसे चक्कर आया और वह अपना संतुलन खो बैठा। पलक झपकते ही वह सीधे खौलते गुड़ की कढ़ाई में गिर पड़ा। वह जोर से चिल्लाया- बचाओ-बचाओ। अरे भैया बचाओ। पूरे प्लांट में हड़कंप मच गया। साथी मजदूर दौड़कर कढ़ाई के पास पहुंचे। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि दानिश को बाहर कैसे निकाला जाए। तभी एक मजदूर एक बड़ी कलछी से उसे निकालने का प्रयास करता है। दूसरा भी कलछी उठा लेता है। जब वह बाहर नहीं निकल पाता तो बिना अपनी जान की परवाह किए, दो-तीन मजदूर आगे बढ़ते हैं और खौलते गुड़ से उसे बाहर खींच लेते हैं।



हादसे की सूचना के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। इसके बाद शव को मूड़ी गांव भेज दिया।

### 15 लोगों के साथ महाराष्ट्र मजदूरी करने गया था

लखीमपुर में ईसानगर के मूड़ी गांव के दानिश (25 साल) की शादी दो साल पहले हुई थी। वह करीब चार महीने पहले 15 अन्य लोगों के साथ महाराष्ट्र गया था। परिवार में पत्नी, दो महीने का बेटा, माता-पिता और एक बड़ा भाई और बहन हैं। बड़े भाई गुड्डू पर 70 हजार रुपए का कर्ज था। उसे चुकाने के लिए ही वह कमाने गया था।

## प्रोफेसर पिता ने कहा- स्कूल पूरी फीस लेता है, बीमार हुई तो कौन जिम्मेदार होगा

# स्कूल में बेटी को मच्छर ने काटा, डीएम से शिकायत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मुरादाबाद । मुरादाबाद में प्रोफेसर की LKG में पढ़ने वाली 6 साल की बेटी को स्कूल में मच्छर ने काट लिया। बच्ची ने घर में पिता को बताया तो उन्होंने डीएम डॉ. राजेन्द्र पैंसिया को मेल करके स्कूल की शिकायत कर दी। प्रोफेसर पिता ने कहा- 'अगर मच्छर के काटने से उनकी बेटी को बीमारी होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी?'

प्रोफेसर डॉ. सोनू सिंह ने कहा- बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देना स्कूल की जिम्मेदारी है। वह फीस लेते हैं। ऐसे में डीएम मामले में स्कूल की जवाबदेही तय करें। डॉ. सोनू सिंह एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा में असिस्टेंट




प्रोफेसर हैं। 19 अगस्त को उन्होंने डीएम को ई-मेल भेजकर शिकायत की। यही नहीं, प्रोफेसर पिता ने कहा कि वे 8 साल तक अमेरिका में न्यूरोसाइकोलॉजी और न्यूरोसाइंसेज पर रिसर्च कर चुके हैं। इसलिए मच्छर से होने वाली बीमारियों के खतरे को अच्छी तरह समझते हैं। मामला कांठ रोड स्थित शिरडी साईं पब्लिक स्कूल का है।

उन्होंने कहा कि पैरेंट्स होने के नाते हम अपने बच्चों को स्कूल के भरोसे छोड़ते हैं। उम्मीद करते हैं कि स्कूल उन्हें एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएंगे। लेकिन पूरी फीस जमा करने के बाद भी स्कूल अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं।



### पहली बार मच्छर काटने की शिकायत की, स्कूल ने ध्यान नहीं दिया

प्रोफेसर ने शिकायत में कहा है- जब पहली बार बेटी को स्कूल में मच्छर ने काटा था तो इसकी शिकायत स्कूल डायरी में विद्यालय प्रशासन से की। बावजूद स्कूल की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद बेटी को फिर से मच्छर ने काट लिया। इसलिए उन्हें स्कूल की शिकायत करनी पड़ी।

# ब्लाइंड केस में पुलिस को राह दिखाएगी खोजी डॉग 'रूही'

### झांसी पुलिस को 3 साल बाद मिला खोजी कुत्ता, गंध सूंघकर आरोपी पकड़ने में माहिर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

झांसी। झांसी पुलिस के बेड़े में रूही नाम के एक खोजी डॉग को शामिल किया गया है। जर्मन शेफर्ड नस्ल की लेडी डॉग रूही गंध सूंघकर अपराधियों तक पहुंचने में माहिर है। इससे माना जा रहा है कि ये लेडी डॉग ब्लाइंड केस में पुलिस को राह दिखाएगी।

अपराधियों की धरपकड़ और अनसुलझे मामलों की गुत्थी सुलझाने में खोजी डॉग पहले भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। लेकिन दो खोजी डॉग की मौत के बाद 3 साल से खोजी डॉग की कमी खल रही थी। लेकिन अब झांसी को एक खोजी डॉग दिया गया है। यह लेडी डॉग रूही ट्रैकर के तौर पर काम करेगी। ग्वालियर के टेकनपुर स्थित राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केंद्र में 9 माह के



कठिन प्रशिक्षण के बाद झांसी में उसे पहली तैनाती दी गई। उसके साथ डॉग हैंडलर और सहायक को भी इस लंबे प्रशिक्षण के बाद यहां भेजा गया है। रूही घटनास्थल पर अपराधियों की गंध सूंघकर उन तक पहचाने में मदद करेगी। खास तौर से जिन मामलों में प्रत्यक्षदर्शी अथवा सीसीटीवी कैमरे नहीं होते, उनमें इनकी भूमिका अहम साबित हो सकेगी। जर्मन शेफर्ड को उसकी बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास, साहस, सतर्कता, शारीरिक क्षमता और प्रशिक्षण को जल्दी सीखने की क्षमता के कारण पुलिस विभाग में सबसे अधिक मांग है।

### झांसी में दो डॉग पहले भी रहे

झांसी के डॉग स्क्वायड में लूसी और यूली नामक दो लेडी जर्मन शेफर्ड काम कर चुकी हैं। 50 से भी अधिक मामलों को सुलझाने में दोनों ने पुलिस की मदद की थी। यूली की 31 अगस्त 2023 को मौत हो गई, जबकि लूसी उर्फ रानी की 31 मई 2022 में मौत हुई थी। उनकी मौत के बाद से झांसी पुलिस के पास कोई खोजी कुत्ता नहीं बचा। अब रूही की तैनाती के बाद से झांसी में नया डॉग दस्ता तैयार हो गया। सीओ लाइन आसमा वकार का कहना है कि आवश्यकता पड़ने पर इसकी मदद ली जाएगी।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'कॉकरोच' फिर...

इससे पहले CJP ने 20 जुलाई को भी जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला था। सोमवार को CJP ने अपनी वर्किंग कमेटी की वर्चुअल मीटिंग के बाद यह फैसला लिया। पार्टी ने कहा कि सरकार ने कहा था कि छात्रों पर दर्ज केस खत्म होंगे, पर ऐसा नहीं हुआ। उन्हें हमारे धैर्य को कमजोरी नहीं समझना चाहिए।

CJP ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 18 अगस्त को केंद्र से छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी FIR की लिस्ट मांगी थी। पार्टी का दावा है कि कोर्ट अनुच्छेद 142 के तहत इन मामलों को रद्द करने पर विचार कर सकता था।

CJP का आरोप है कि केंद्र ने FIR की सूची देने की स्पष्ट प्रतिबद्धता नहीं जताई। पार्टी ने इसे आंदोलन खत्म कराने से पहले किए गए वादों से पीछे हटने का संकेत बताया।

राजस्थान के जोधपुर में कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमा) के कार्यकर्ता ने CJP कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया था।

इसके बाद CJP और ABVP के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने ABVP और भारतीय जनता युवा मोर्चा के 2 पदाधिकारियों समेत 11 लोगों को हिरासत में लिया है।

जयपुर में रामपुरा-कंवरपुरा गांव में सरकारी स्कूल के निरीक्षण के दौरान CJP कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ था। इसमें पार्टी के प्रवक्त आशुतोष रांका भी शामिल थे।

### मेरी अमेरिका यात्रा ...

उन्होंने आगे कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछना चाहता हूं कि यदि मेरी विदेश यात्रा में कुछ भी राजनीतिक नहीं था, तो पहले इसकी अनुमति क्यों दी गई थी।

रेवंत रेड्डी 20 अगस्त को लंदन पहुंचे थे। UK दौरे में ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन और लंदन बिजनेस स्कूल के कार्यक्रम शामिल हुए। उन्हें एमिरेट्स स्टेडियम में EPL फुटबॉल से जुड़े कार्यक्रम में भी जाना था।

### वन नेशन वन...

कांग्रेस नेता चिंदबरम ने कहा, 'एक साथ चुनाव कराने से जुड़े दोनों विधेयक असंवैधानिक हैं। हर विधानसभा और संसद का कार्यकाल पांच साल के लिए होता है, इसलिए उसका कार्यकाल घटाना संविधान के मूल ढांचे का सीधा उल्लंघन है। तृणमूल कांग्रेस की समिति सदस्य सागरिका घोष ने भी विधेयक का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे चुनाव आयोग को बेलगाम अधिकार मिल जाएंगे। भाजपा सदस्य पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति के सामने करीब 10 पद्म पुरस्कार पाने वाले लोग भी अलग से पेश हुए। इनमें तरलोचन सिंह, नवीन खन्ना, मीनाक्षी जैन और नीरू कुमार शामिल थे।

इनमें से कुछ पद्म पुरस्कार पाने वालों ने एक साथ चुनाव कराने की पहल का समर्थन किया। वहीं, कुछ ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इससे देश में अराजकता फैल सकती है।

दोनों विधेयक दिसंबर 2024 में लोकसभा में पेश किए गए थे। इसके बाद जांच के लिए इन्हें संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा गया। इन विधेयकों को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली हाईलेवल कमेटी की सिफारिश के बाद तैयार किया गया था।

समिति ने लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव अलग-अलग फेज में एक साथ कराने की सिफारिश की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी कोविंद की अध्यक्षता वाली इस हाईलेवल कमेटी के सदस्य थे।

### 'मनु' पर महाभारत...

सीएम ने कहा कि विकास नौजवान की आकांक्षा, किसान के चेहरे पर खुशहाली, कारीगरों व हस्तशिल्पियों को सम्मान, बुजुर्गों के वृद्धावस्था का सहारा बनेगा। रायबरेली ने हमारे विधायकों को जिताया तो विकास तेज गति से हो रहा है। यहां की मॉडर्न कोच फैक्ट्री 2012 में बनी, यह 2014 तक कांग्रेस के विकास की तरह घिसती जा रही थी लेकिन अब यह फैक्ट्री रायबरेली की पहचान बन चुकी है। पिछले वर्ष इस फैक्ट्री ने रिकॉर्ड 2156 कोच का निर्माण किया। पहली बार मई 2026 में वंदे भारत के ट्रेनशेड का रोल आउट यहीं बना है। रायबरेली का नाम अब देश में गौरव के साथ लिया जा रहा है। सीएम ने रायबरेली के सांसद राहुल गांधी पर खूब तंज कसा, कहा कि वह युवाओं को भड़काने के साथ ही विरासत को अपमानित कर रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने सभी हद पार कर पार्टी के वास्तविक संस्कारों को उजागर कर दिया। कल वे अयोध्या के हनुमानगढ़ी गए थे। मंगलवार को हिंदू व्रत रखता है। 'बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं, हरहु कलेश विकार' की प्रार्थना करता है।

### वीआईपी संसदीय...

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने पीड़ा व्यक्त की थी कि एक रुपये भेजता हूं, नीचे सिर्फ 15 पैसे पहुंचता है। सीएम ने कहा कि यह 85 पैसा खाने वाले सपा व कांग्रेस के लोग थे। हमने तो 9 वर्ष में गरीबों के लिए आवास, शौचालय और सड़कों का जाल बिछाया है।

### चीनी की कमी नहीं ...

महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और आंध्र प्रदेश जैसे तटीय राज्यों को इंपोर्टेड रॉ शुगर पहले मिलेगी। वहीं उत्तर भारत के लैंडलॉक्ड राज्यों तक इन बंदरगाहों से रेल या सड़क मार्ग के जरिए चीनी पहुंचाई जाएगी।

नाईकनवरे ने जानकारी दी कि अंतर-राष्ट्रीय बाजार में कीमतें अनुकूल न होने के कारण भारत ने 20 लाख टन के तय कोटे में से केवल 8 लाख टन चीनी का ही निर्यात किया था।

अगर कोई पाबंदी न होती, तब भी निर्यात 10 लाख टन से ज्यादा नहीं जाता। केंद्र सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को काबू में रखने के लिए 13 मई से 30 सितंबर तक चीनी निर्यात पर रोक लगा रखी है।

### मराठी सीखने के ...

राज्य में 20 अगस्त से सरकार ने उन ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है, जिन्हें मराठी नहीं आती है।

ड्राइवरों ने कहा कि कई प्रदर्शनकारी मराठी सीखने और टूटी-फूटी मराठी बोलने की कोशिश कर रहे हैं। उनका दावा है कि अधिकारियों की ओर से उन्हें नियम पूरा करने का समय देने के बजाय जुर्माना लगाया जा रहा है।

उन्होंने ने कहा, "क्या हम 15-20 हजार रुपए का जुर्माना भर सकते हैं? न्याय मिलने तक हम तीन दिन की हड़ताल करेंगे।"

भाषा संबंधी इस निर्देश को लेकर परिवहन कर्मचारियों के एक वर्ग में विरोध बढ़ रहा है। चालक अधिकारियों से नियम और इससे जुड़े जुर्माने पर दोबारा विचार करने की मांग कर रहे हैं।

ड्राइवरों का कहना है कि कामचलाऊ मराठी सीखने के लिए जरूरी व्यवस्था उपयोगी नहीं रही। उनका यह भी कहना है कि एक महीने का कारण बताओ नोटिस बेबुनियाद है।

### चुनाव सपा और भाजपा...

उन्होंने कहा कि नगर निगम ने पशुपालकों की करीब 350 भैंसें जब्त कर ली हैं और डेयरी संचालकों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन अपनी नाकामी छिपाने के लिए डेयरी संचालकों का उत्पीड़न कर रहा है। सरकार से उन्होंने इस कार्रवाई को रोकने और पशुपालकों के साथ न्याय करने की मांग की।

### राजनीति से नहीं ...

राज्य की बीजेपी सरकार अपात्रता का बहाना बनाकर लाभार्थियों की संख्या घटा रही है।' ममता ने कहा, 'हमने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लक्ष्मी भंडार योजना शुरू की थी, लेकिन BJP अन्नपूर्णा भंडार का पैसा देने के लिए धर्म और नस्ल को आधार मान रही है। बीजेपी चुनाव से पहले सभी महिलाओं को अन्नपूर्णा योजना का पैसा देने का वादा कर अब उन्हें धोखा दे रही है।'

# भारत से पहले ढाका में ट्रेनिंग कर सकता है ब्राजील

**निरीक्षण**

## कोलकाता स्टेडियम पर सवाल, 6 अक्टूबर को केप वर्डे से मैच की भी तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ब्राजील की फुटबॉल टीम 3 अक्टूबर को भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले बांग्लादेश के ढाका में ट्रेनिंग कैंप लगाने पर विचार कर रही है।

ब्राजील फुटबॉल कन्फेडरेशन (CBF) के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 23 अगस्त को ढाका का दौरा किया। टीम ने नेशनल स्टेडियम, बशुंधरा किंग्स एरिना और कई होटलों का निरीक्षण किया।

बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष तबिथ अवल ने बताया कि ब्राजील के साथ ढाका में ट्रेनिंग करने और बांग्लादेश के खिलाफ फ्रेंडली खेलने समेत सभी विकल्पों पर बात हुई है। हालांकि, अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। ब्राजील 25 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टाउन्सविले और 29 सितंबर को ब्रिस्बेन में मुकाबला खेलेगा।



> भारत-ब्राजील मुकाबले को लेकर पूर्व भारतीय कप्तान बाइचुंग भूटिया ने भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने ब्राजील को कोलकाता बुलाने पर करीब 50 से 70 करोड़ रुपए खर्च होने की रिपोर्ट पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि इतनी रकम बंगाल के घरेलू फुटबॉल और ग्रासरूट डेवलपमेंट पर खर्च की जा सकती थी।



### ब्राजील के बाद केप वर्डे से भी भिड़ सकता है भारत

भारत के लिए अक्टूबर की इंटरनेशनल विंडो और भी व्यस्त हो सकती है। AIFF केप वर्डे के खिलाफ 6 अक्टूबर को फ्रेंडली कराने की बातचीत कर रहा है। मुकाबला कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम या कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हो सकता है। हालांकि, इस मैच की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पहले रिपोर्ट्स में केप वर्डे के खिलाफ मैच के लिए 30 सितंबर से 6 अक्टूबर के बीच की तारीखों पर चर्चा की जा रही थी। अब 6 अक्टूबर की तारीख सामने आई है। AIFF ने केप वर्डे फुटबॉल फेडरेशन से संपर्क किया है और बातचीत आगे बढ़ने की बात सामने आई है।

### ढाका की पिच ब्राजील को ठीक लगी

बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन के मुताबिक, ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल ने नेशनल स्टेडियम और बशुंधरा किंग्स एरिना की पिच को टीम के लिए सही बताया। हालांकि, ड्रेसिंग रूम, तकनीकी स्टाफ के लिए जगह और एंट्री-एग्जिट पर सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत बताई गई है। ढाका में ब्राजील और बांग्लादेश के बीच 5 या 6 अक्टूबर को फ्रेंडली मैच की भी चर्चा हुई है। हालांकि, बांग्लादेश की टीम 24 सितंबर से 4 अक्टूबर तक इंडोनेशिया में FIFA एशियन कप में खेलेगी।

### साल्ट लेक की पिच पर ब्राजील ने जताई चिंता

भारत-ब्राजील मुकाबला 3 अक्टूबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में होगा। यह ब्राजील का भारत में पहला मुकाबला होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने 30 जुलाई को इसकी घोषणा की थी।

मैच से पहले CBF के पांच सदस्यीय दल ने कोलकाता का भी निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने स्टेडियम, ट्रेनिंग ग्राउंड, पिच, ड्रेसिंग रूम, होटल और सुरक्षा व्यवस्था देखी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मैदान की घास की स्थिति और कुछ जगहों पर टर्फ को लेकर चिंता जताई गई है। ब्राजील ने पिच और ट्रेनिंग ग्राउंड की घास में सुधार की जरूरत बताई है।

# द्रोणाचार्य अवॉर्डी मलखंभ कोच पर पॉक्सो में केस


## 16 साल की छात्रा के यौन शोषण का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच गणेश प्रभाकर देवरुखकर के खिलाफ प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रंस फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंस यानी POCSO में केस दर्ज किया गया है। 45 साल के मलखंभ कोच के खिलाफ 16 साल की छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस के मुताबिक छात्रा मुंबई के एक कॉलेज में पढ़ती है और कई साल से आरोपी कोच से जिमनास्टिक की ट्रेनिंग ले रही थी। शिकायत के अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह की है।

मलखंभ फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मुंबई के मलखंभ फेडरेशन से घटना को लेकर जानकारी मांगी गई है। आरोपी कोच फिलहाल फरार है। मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है।



छात्रा ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार, 21 अगस्त की सुबह वह घर पर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान मोबाइल पर कोच का वॉट्सएप मैसेज आया, जिसमें सिर्फ 'Hi' लिखा था। छात्रा ने भी जवाब में 'Hi' लिखा और अपनी मां को इसकी जानकारी दी।

मां के कहने पर छात्रा ने कोच से मैसेज करने की वजह पूछी। शिकायत के मुताबिक कोच ने उससे पूछा कि वह कहां है और अगर फ्री हो तो जिम्नेजियम आकर उससे मिले। कई साल से कोच से ट्रेनिंग लेने के कारण छात्रा को लगा कि उसे जिमनास्टिक से जुड़ी किसी बात के लिए बुलाया गया है।

# रिंकू सिंह ने 414.29 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए

**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को रिंकू सिंह ने 414.29 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 7 गेंदों पर 29 रन बनाए। मेरठ मावेरिक्स के कप्तान रिंकू ने गोरखपुर लायंस के खिलाफ अपनी पारी में 2 चौके और 3 छक्के लगाए।

उनकी इस पारी की मदद से मेरठ ने यूपी टी-20 लीग के 16वें मैच में गोरखपुर को 10 विकेट से हरा दिया। बारिश के कारण मैच 8-8 ओवर का कर दिया गया था। गोरखपुर लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 6 विकेट पर 91 रन बनाए। जवाब में मेरठ मावेरिक्स ने 6.4 ओवर में बिना विकेट गंवाए 92 रन बनाकर मैच जीत लिया।

यह मेरठ मावेरिक्स की इस सीजन में लगातार छठी जीत है। टीम 12 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर है। वहीं, गोरखपुर लायंस की 6 मैचों में यह चौथी हार है। मेरठ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गोरखपुर के ओपनर अभय प्रताप सिंह ने 16 गेंदों पर 33 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। मेरठ के जीशान अंसारी ने 2 ओवर में सिर्फ 10 रन देकर 4 विकेट लिए। वे प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। रिंकू सिंह के अलावा मेरठ मावेरिक्स की ओर से स्वास्तिक चिकारा ने नाबाद 44 रन बनाए।



**यूपी प्रीमियर लीग में सिर्फ 7 गेंदों में 29 रन की पारी खेली, मेरठ की लगातार छठी जीत**

# महिला हॉकी वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंची टीम इंडिया

एम्स्टेलवीन। भारतीय महिला हॉकी टीम वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी है। उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की जरूरत थी, लेकिन मैच 0-0 से ड्रॉ रहा और ऑस्ट्रेलिया टॉप-4 में पहुंच गई। एम्स्टेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारतीय कोच ने आखिरी 5 मिनट के लिए गोलकीपर को भी बाहर बुला लिया था। ताकि, गोल के मौके बनाए जा सके। लेकिन, गोल नहीं आया।

भारत लगातार तीसरे मैच में गोल नहीं कर सका है। उसे पिछले मुकाबले में नीदरलैंड ने 0-2 से हराया। जबकि, इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा था।

भारतीय टीम की ओर से पिछला गोल साउथ अफ्रीका के खिलाफ 18 अगस्त के मैच में हुआ था। उस में इंडिया 6-1 से जीत हासिल की थी। 48वें मिनट में भारत के पास फील्ड गोल करने का अच्छा मौका था। लेकिन, तीन खिलाड़ियों के बीच कन्फ्यूजन के कारण गोल नहीं हुआ।

## श्रीलंकाई बॉलर से भिड़ंत पर दी सफाई, कहा- बिना जाने फैसला न सुनाएं

# कोई हद पार करेगा तो जवाब मिलेगा : यशस्वी जायसवाल

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंकाई गेंदबाज असिथा फर्नांडो से मैदान पर हुई भिड़ंत के बाद यशस्वी जायसवाल ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह जाने बिना फैसला नहीं सुनाना चाहिए कि फर्नांडो ने उनसे क्या कहा था। जायसवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, अगर कोई हद पार करेगा तो हमें उसे बताना होगा। यह भारत है, हम लड़ेंगे और जवाब देंगे। यह पूरा मामला भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन हुआ। फर्नांडो ने जायसवाल को 45 रन पर बोल्ड किया था। इसके बाद श्रीलंकाई गेंदबाज ने उन्हें आक्रामक अंदाज में सेंड-ऑफ दिया। पवेलियन लौट रहे जायसवाल पलटकर फर्नांडो के पास पहुंचे। दोनों के बीच बहस हुई और फिर जायसवाल का हेलमेट फर्नांडो के माथे से टकराया। श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डि सिल्वा और दूसरे खिलाड़ियों ने बीच में आकर दोनों को अलग किया।





### हर्षा भोगले के वीडियो पर जायसवाल का जवाब

सोमवार को क्रिकबज ने इंस्टाग्राम पर कमेंटेटर हर्षा भोगले का वीडियो पोस्ट किया था। इसमें सवाल उठाया गया था कि क्या जायसवाल ने फर्नांडो से भिड़कर हद पार कर दी। जायसवाल ने इसी वीडियो के कमेंट सेक्शन में लिखा, अगर आपको नहीं पता कि उसने क्या कहा था तो कृपया अपना फैसला मत सुनाइए। अगर कोई हद पार करता है तो हमें उसे बताना होगा। यह भारत है, हम लड़ेंगे और जवाब देंगे। उनका यह कमेंट वायरल हो गया।

> जायसवाल के बयान से संकेत मिलता है कि विवाद सिर्फ फर्नांडो के सेंड-ऑफ तक सीमित नहीं था। भारतीय बल्लेबाज के मुताबिक, फर्नांडो की तरफ से कुछ ऐसा कहा गया था, जिसके बाद उन्होंने प्रतिक्रिया दी।
>
> हालांकि, जायसवाल ने यह नहीं बताया कि फर्नांडो ने वास्तव में क्या कहा था। दोनों खिलाड़ियों के बीच हुई बातचीत का पूरा विवरण भी सामने नहीं

**मनोरंजन**

## हिमांशी खुराना के आरोपों पर तोड़ी चुप्पी कहा- पब्लिसिटी के लिए धर्म का इस्तेमाल कर रहीं

# मैंने किसी का धर्म नहीं बदलवाया : आसिम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

'बिग बॉस 13' के रनर-अप आसिम रियाज ने अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड हिमांशी खुराना के धर्म परिवर्तन वाले दावों पर सफाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर आसिम ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है।

हाल ही में हिमांशी ने एक पॉडकास्ट में दावा किया था कि आसिम ने उन पर अपना धर्म बदलने का दबाव बनाया था। इस पर आसिम ने कहा कि उन्होंने कभी किसी से धर्म बदलने के लिए नहीं कहा और उनके खिलाफ नफरत फैलाने के लिए इस संवेदनशील मुद्दे का इस्तेमाल किया जा रहा है। आसिम रियाज ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लंबा नोट शेयर किया। हालांकि पोस्ट में उन्होंने हिमांशी का नाम सीधे तौर पर नहीं लिखा, लेकिन साफ किया कि निजी मुद्दों को पब्लिक में लाकर विवाद बनाया जा रहा है। हिमांशी ने बताया- एक समय धर्म बदलने को तैयार थी

अब पारस छाबड़ा के पॉडकास्ट में हिमांशी ने रिश्ते के दौरान आए मुश्किल दौर का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि उस समय उनके पार्टनर की तरफ से उनके पूजा-पाठ को लेकर आपत्ति जताई जाती थी।

> आसिम ने लिखा, मैंने कभी किसी को अपना धर्म बदलने के लिए नहीं कहा। एक बार भी नहीं। बल्कि मैंने ही तुम्हें फिटनेस की तरफ पुश किया था। मुझसे मिलने से पहले सब जानते हैं कि तुम कैसी दिखती थीं।

### हिमांशी ने कहा था- इस्लाम कबूल करने वाली थी

पारस छाबड़ा के पॉडकास्ट में हिमांशी ने दावा किया कि एक समय वह आसिम के दबाव में इस्लाम कबूल करने के बेहद करीब पहुंच गई थीं। उन्होंने बताया कि रिश्ते के दौरान उनके पूजा-पाठ और धार्मिक मान्यताओं को लेकर आपत्ति जताई जाती थी। हिमांशी के मुताबिक, मानसिक दबाव इतना बढ़ गया था कि एक रात उन्हें लगा कि उनकी जिंदगी का शायद आखिरी दिन है। उन्होंने धर्म बदलने से पहले चार धाम यात्रा करने की इच्छा भी जताई थी।

### बिग बॉस 13 में शुरू हुई थी दोनों की स्टोरी

हिमांशी खुराना और आसिम रियाज की मुलाकात 'बिग बॉस 13' के दौरान हुई थी। शो में दोनों की नजदीकियां लगातार चर्चा में रहीं और कुछ समय बाद दोनों ने अपने रिश्ते को आगे बढ़ाया। शो से बाहर आने के बाद भी दोनों लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहे। फैंस ने इस जोड़ी को 'आसिमांशी' नाम दिया था।

हालांकि, बाद में दोनों का रिश्ता टूट गया। दिसंबर 2023 में ब्रेकअप की घोषणा करते हुए दोनों ने अलग-अलग धर्म और धार्मिक मान्यताओं को भी वजह बताया था।







> आसिम ने आगे लिखा कि धर्म एक बेहद संवेदनशील मुद्दा है और इसे हथियार की तरह इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने हिमांशी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों के मन में मेरे लिए नफरत पैदा करने के लिए इतने पर्सनल मैटर को उछालना बचकाना है। इससे पता चलता है कि अटेंशन पाने के लिए कोई किस हद तक गिर सकता है।

# रितेश ने पैपराजी से पैसे उधार लिए



## सड़क पर बच्चों को देने के लिए कैश नहीं था बोले- उधार चुकाना है

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक्टर रितेश देशमुख पैसे उधार देने वाले पैपराजी को सोशल मीडिया की ममद से ढूंढ रहे हैं। दरअसल रविवार को मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर कुछ बच्चों ने उनसे मदद मांगी, लेकिन उस वक्त रितेश के पास नकद पैसे नहीं थे।

इस दौरान वहां मौजूद एक पैपराजी ने रितेश की तरफ से उन बच्चों को पैसे दे दिए। अब रितेश उस फोटोग्राफर का उधार चुकाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने इंस्टाग्राम पर उस फोटोग्राफर की तस्वीर शेयर कर लोगों से उसका कांटेक्ट नंबर ढूंढने की अपील की है। रविवार को रितेश देशमुख अपनी पत्नी जेनेलिया डिसूजा के साथ मुंबई के एक रेस्टोरेंट में पहुंचे थे। रेस्टोरेंट से बाहर निकलते ही पैपराजी उनकी तस्वीरें क्लिक करने लगे। उसी वक्त कुछ छोटे बच्चे रितेश के पास पहुंचे और उनसे पैसे मांगने लगे। रितेश ने अपनी जेब चेक की, लेकिन उस समय उनके पास कैश मौजूद नहीं था। एक्टर को ऐसी स्थिति में देखकर वहां मौजूद एक पैपराजी फोटोग्राफर तुरंत आगे आया। उसने अपनी जेब से पैसे निकालकर रितेश की तरफ से उन बच्चों को दे दिए। रितेश ने उस वक्त उस फोटोग्राफर को धन्यवाद कहा, लेकिन वे उस छोटे से उधार को भी वापस लौटाना चाहते थे।



### कृति सेनन के रक्षाबंधन एड पर विवाद

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपने एक नए ज्वेलरी एडवर्टाइजमेंट को लेकर विवादों में घिर गई हैं। रक्षाबंधन के थीम पर बने इस एड में कृति अपने ऑन-स्क्रीन भाई को राखी बांधती नजर आ रही हैं। हालांकि, एड में उनके रिवीलिंग ड्रेस (ब्रालेट आउटफिट) को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने नाराजगी जताई है।

कई यूजर्स का कहना है कि रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक त्योहार के लिए यह पहनावा सही नहीं है, जबकि कुछ लोग एक्ट्रेस के समर्थन में उतर आए हैं।

जीवा (GIVA) ज्वेलरी ब्रांड के इस एडवर्टाइजमेंट में कृति सेनन ने केप के साथ ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज और ड्रेप्ड स्कर्ट पहना हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोगों ने उनके कपड़ों पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। यूजर्स का कहना है कि त्योहार के हिसाब से कपड़े पहनना कॉमन सेंस की बात है। विवाद बढ़ने के दौरान कई यूजर्स ने इस मामले में धर्म की तुलना भी शुरू कर दी।

# कार रेसिंग में हादसे का शिकार हुए एक्टर अजित

## रेस के दौरान बेकाबू होकर दूसरी कार से टकराई गाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

साउथ फिल्म एक्टर और कार रेसर अजित कुमार यूरोप में एक हाई-स्पीड एंड्योरेंस रेस के दौरान हादसे का शिकार हो गए। रेसिंग के दौरान उनकी कार बेकाबू होकर दूसरी गाड़ी से जा टकराई।

हालांकि, इस हादसे में उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है और वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। फिल्मीबीट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा एशियन ला मैंस सीरीज और मिशेलिन ला मैंस कप के रेसिंग इवेंट के दौरान हुआ।

अजित कुमार फिल्मों के साथ-साथ लंबे समय से इंटरनेशनल कार रेसिंग में हिस्सा लेते रहे हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, रेस के दौरान अचानक उनकी कार से कंट्रोल छूट गया और वह ट्रैक पर मौजूद दूसरी कार से टकरा गई। टक्कर के बावजूद अजित कुमार को चोट नहीं लगी। हादसे के बाद वे सुरक्षित कार से बाहर आ गए। अजित कुमार इंटरनेशनल रेसिंग सर्किट में भाग लेने वाले गिने-चुने भारतीय ड्राइवरों में से एक हैं।



अजित कुमार के लिए रेसिंग ट्रैक पर हादसे होना नया नहीं है। इससे पहले साल 2025 में भी वे इटली में जीटी4 (GT4) यूरोपियन सीरीज के दौरान हादसे का शिकार हुए थे।

उसी साल स्पेन के वालेंसिया में पोर्श स्प्रिंट चैलेंज के दौरान उनकी कार दो बार पलटी खा गई थी। इसके अलावा दुबई में 24एच पोर्श प्रैक्टिस रेस के दौरान भी उनकी कार क्रैश हो गई थी।

# यूक्रेन को सीक्रेट मिसाइल तकनीक देगा ब्रिटेन

## कीव में बनेगी लंबी दूरी की स्कैल्प मिसाइल, रूस में अंदर तक हमला करने में सक्षम

### चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस के खिलाफ जंग में मदद के लिए ब्रिटेन यूक्रेन को अपनी सीक्रेट मिसाइल तकनीक देगा। इससे कीव में ही लंबी दूरी की SCALP क्रूज मिसाइल बनाने का रास्ता साफ होगा। ब्रिटेन में इस मिसाइल को स्टॉर्म शैडो कहा जाता है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम सोमवार को अपनी पहली विदेश यात्रा पर यूक्रेन पहुंचे। इसी दौरान मिसाइल तकनीक साझा करने का ऐलान किया गया है। वे राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे।



> ब्रिटेन के इस फैसले पर रूस ने कड़ी नाराजगी जताई है। ब्रिटेन में रूसी दूतावास ने कहा कि ब्रिटेन जानबूझकर यूक्रेन की जंग को और बढ़ा रहा है। दूतावास ने चेतावनी दी कि जंग में ब्रिटेन की भागीदारी जितनी बढ़ेगी, उसे इसकी कीमत उतनी ही ज्यादा चुकानी पड़ेगी।

### 550 किलोमीटर तक मार करने वाली मिसाइल

SCALP को यूरोपीय हथियार कंपनी एमबीडीए ने बनाया है। यह विमान से दागी जाने वाली लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल है। इसकी मारक क्षमता करीब 550 किलोमीटर है। इसमें करीब 400 किलो का भारी विस्फोटक लगाया जा सकता है। मिसाइल का वजन करीब 1,300 किलो और लंबाई करीब 5.10 मीटर है। इसे पहले से तय किए गए ठिकानों पर हमला करने के लिए बनाया गया है। यह दिन हो या रात और मौसम कैसा भी हो, हमला कर सकती है।

विमान से छोड़े जाने के बाद यह मिसाइल जमीन के काफी करीब उड़ते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचती है। इसमें उपग्रह से रास्ता पता करने, इलाके की पहचान करने और गर्मी से लक्ष्य पहचानने वाली तकनीक लगी है। इससे यह दुश्मन के एयर डिफेंस से बचते हुए लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश करती है।




### ईयू ने यूक्रेन को 68 हजार करोड़ की मदद का ऐलान

यूरोपीय यूनियन (EU) ने यूक्रेन के लिए करीब 68 हजार करोड़ की नई सैन्य मदद मंजूर की है। यह रकम रूस के लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचने के लिए हवाई सुरक्षा प्रणाली, मिसाइल, गोला-बारूद और रडार खरीदने में खर्च की जाएगी।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को हवाई और मिसाइल सुरक्षा के लिए इन चीजों की तुरंत जरूरत है। नई मदद का बड़ा हिस्सा मिसाइल और हवाई सुरक्षा से जुड़ी चीजों पर खर्च होगा। इससे यूक्रेन की रूस के हमलों से निपटने की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह रकम यूरोपीय संघ के 90 अरब यूरो के बड़े सहायता पैकेज का हिस्सा है।

### यूक्रेन खुद भी बना रहा लंबी दूरी की मिसाइलें

यूक्रेन ने अपनी लंबी दूरी की मिसाइल और ड्रोन बनाने की क्षमता भी बढ़ाई है। यूक्रेनी कंपनी फायर प्वाइंट ने करीब 3,000 किमी तक मार करने वाली एफपी-5 फ्लेमिंगो क्रूज मिसाइल बनाई है।

राष्ट्रपति जेलेंस्की के मुताबिक, इस मिसाइल का इस्तेमाल रूस के अंदर करीब 900 किमी दूर एक अहम रॉकेट इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्ट्री पर हमला करने के लिए किया गया था। यूक्रेन की लंबी दूरी तक हमला करने की बढ़ती ताकत अब रूस के लिए भी चुनौती बन रही है।



> रूस का बड़ा इलाका पहले उसकी ताकत था। लेकिन यूक्रेन के लंबी दूरी के हमले बढ़ने से अब यही इलाका उसकी कमजोरी बनता जा रहा है।
>
> -पीटर डिकिंसन
> अटलांटिक काउंसिल



ब्रिटिश पीएम एंडी बर्नहम सोमवार को ट्रेन से कीव रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा (बाएं) ने उनका स्वागत किया।

### कई यूरोपीय नेता भी कीव पहुंचे

यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बर्नहम के साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडेन, मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया संदू और एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस भी कीव पहुंचे। सभी नेता यूक्रेन के साथ समर्थन जताने और आगे की मदद पर चर्चा के लिए यहां आए हैं।

यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने नेताओं के पहुंचने की जानकारी देते हुए कहा कि यूक्रेन ने अपनी आजादी बचाने के लिए हर मुश्किल का सामना किया है।

# 'इमरान खान का अस्पताल में नहीं हो रहा ठीक से इलाज'

## पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का शहबाज सरकार पर आरोप

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सोमवार को सरकारी अस्पताल के अधिकारियों की लगातार नाकामी की आलोचना की। पार्टी का आरोप है कि कार्डियोलॉ-जिस्ट की चेतावनी के बावजूद खान का सीटी कोरोनरी एंजियोग्राफी (CTA) टेस्ट नहीं किया गया, जबकि उन्हें दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा था।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को एक बयान में पीटीआई के केंद्रीय सूचना सचिव शेख वकास अकरम ने कहा कि पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (PIMS) में सीटी स्कैनर चालू होने के बावजूद अधिकारी इमरान खान को डॉक्टरी सलाह के अनुसार जरूरी टेस्ट की सुविधा नहीं दे पाए।

अकरम ने कहा, ₹इसे सिर्फ एक प्रशासनिक चूक नहीं माना जा सकता। यह एक बहुत चिंताजनक पैटर्न दिखाता है।₹ अकरम ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का भी जिक्र किया जिसमें खान की शिफा इंटर-नेशनल हॉस्पिटल में पूरी मेडिकल जांच और इलाज कराने का निर्देश दिया गया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने इस निर्देश को नजर-अंदाज किया और खान को ऐसी जगह भेज दिया जहां सीटी एंजियोग्राफी नहीं की जा सकी। उन्होंने सवाल किया, ₹जब शिफा इंटरनेशनल में जरूरी सुविधाएं मौजूद थीं तो जान-बूझकर उनको ऐसे अस्पताल ले जाना जहां पर सुविधाएं ही नहीं हैं एक गंभीर सवाल खड़ा करता है।

# कराची से इस्लामाबाद तक अंधेरे में डूबे पाकिस्तान के कई शहर

## 12-12 घंटे बिजली कटौती से लोग परेशान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान में गहराते ऊर्जा संकट के चलते इस्लामाबाद, रावलपिंडी और कराची जैसे बड़े शहरों में हालात बेकाबू हो गए हैं। इन शहरों में लोग भारी बिजली कटौती से परेशान हैं। सबसे खराब स्थिति आर्थिक राजधानी कराची की है, जहां रोजाना 12-12 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है।

लगातार बिजली कटौती के कारण पानी की आपूर्ति बार-बार ठप हो जा रही है। जिससे कारोबार को भारी नुकसान हो रहा है। बिजली कटौती और पानी आपूर्ती बाधित होने से आक्रोशित लोगों ने कराची में शनिवार को प्रदर्शन किया।

इस दौरान लोगों ने कई घंटे तक सड़कें जाम रखी। जिससे पूरा शहर घंटों ट्रैफिक जाम की चपेट में आ गया और हजारों लोग जाम में फंस गए। इस दौरान एक महिला अपनी मरीज मां को लेकर अस्पताल में जा रही थी। लेकिन जाम के कारण एंबुलेंस करीब 2 घंटे तक जाम में फंसी रही। डॉन के मुताबिक, कराची के लोगों ने बताया कि उन्हें रोज 12 घंटे या उससे ज्यादा बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि कई बार कटौती की जानकारी भी नहीं दी जाती। कई बार बिजली कटौती के कारण पंपिंग स्टेशन बंद रहते हैं।

### इटली में तेज हवाओं ने मचाई तबाही

रोम। इटली के फोर्ली हवाई अड्डे पर कुदरत का ऐसा कहर टूटा जिसे देखकर हर कोई दंग है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक बेहद चौंकाने वाले वीडियो में प्रकृति का रौद्र रूप साफ नजर आ रहा है। तेज आंधी-तूफान के बीच रनवे पर खड़े छोटे प्रोपेलर विमान हवा के भारी दबाव के कारण खिलौनों की तरह गोल-गोल घूमते और अपनी जगह से खिसकते दिखाई दे रहे हैं।

इस खौफनाक नजारे को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो भारी-भरकम एयरक्राफ्ट न होकर प्लास्टिक के हल्के खिलौने हों, जो तेज हवा के झोंकों के सामने पूरी तरह बेबस हो चुके हैं।

यह खौफनाक घटना 21 अगस्त की बताई जा रही है, जब इटली के एमिलिया-रोमाना इलाके में मौसम ने अचानक करवट ली। देखते ही देखते साफ आसमान पर घने काले बादल छा गए और पल भर में ही तेज बारिश के साथ भयानक आंधी आ गई।

### न्यूजीलैंड में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए बैन होगा सोशल मीडिया

**वेलिंगटन, एजेंसी**

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर न्यूजीलैंड सरकार ने एक बड़ा और कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की पार्टी संसद में नया बिल पेश करने जा रही है, जिसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाएगा।

टेक कंपनियों पर नकेल कसने के लिए इस कानून में भारी जुर्माने का प्रावधान भी शामिल किया गया है, नियमों का उल्लंघन करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उनके वैश्विक राजस्व का 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

इस प्रस्तावित बिल के तहत सोशल मीडिया कंपनियों को अपने यूजर्स की सही उम्र सत्यापित करने के लिए उचित और कड़े कदम उठाने होंगे। इसके लिए प्लेटफॉर्म्स मौजूदा अकाउंट की जानकारी, फेशियल रिकग्निशन तकनीक और डिजिटल पहचान से जुड़े दस्तावेजों का सहारा ले सकेंगे। प्रधानमंत्री लक्सन ने अपने एक बयान में कहा



कि हम न्यूजीलैंड के बच्चों की एक पूरी पीढ़ी को हो रहे नुकसान को कतई स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि सोशल मीडिया बच्चों को हानिकारक सामग्री और लत लगाने वाली तकनीक के संपर्क में ला रहा है। बच्चों पर ऐसा दबाव बनाया जा रहा है जिससे निपटने के लिए वे मानसिक रूप से तैयार नहीं हैं। इसका सीधा और नकारात्मक असर उनके पारिवारिक जीवन, मानसिक स्वास्थ्य, नींद और उनकी पढ़ाई पर पड़ रहा है। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि इस बिल को संसद में पारित होने के लिए पर्याप्त समर्थन मिल पाएगा या नहीं।

लक्सन सरकार की गठबंधन सहयोगी न्यूजीलैंड फर्स्ट पार्टी ने इस बिल का समर्थन करने से साफ इनकार कर दिया है।

# नई एयर-टू-एयर मिसाइल का परीक्षण कर रहा अमेरिका


## 465 किलोमीटर मार करने में सक्षम

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी नौसेना इन दिनों एक ऐसी नई हवा से हवा में मार करने वाली एयर-टू-एयर मिसाइल का परीक्षण कर रही है, जो 465 किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर बैठे दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर सकती है।

इस टेस्टिंग के साथ ही यह हथियार अपनी श्रेणी में दुनिया के सबसे लंबी दूरी वाले ज्ञात मिसाइल सिस्टम्स में से एक बन गया है।

आरटीएक्स कॉर्प की सहायक कंपनी रेथियॉन द्वारा विकसित इस मिसाइल का नाम AIM-424 मैलिस है। अमेरिकी नौसेना के अनुसार, इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसका आकार वर्तमान पीढ़ी की AIM-120 AMRAAM मिसाइल के समान ही रहे। इसके छोटे आकार का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे



F-35 और F-22 जैसे अत्याधुनिक स्टेल्थ फाइटर जेट्स के वेपंस बे के अंदर आसानी से फिट किया जा सकता है।

पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य टकराव के बाद से लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइलों के विकास पर दुनिया भर का ध्यान तेजी से गया है। उस दौरान पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने भारतीय लड़ाकू विमानों को निशाना बनाने के लिए चीनी निर्मित मिसाइलों का इस्तेमाल किया था, जिनकी रेंज लगभग 300 किलोमीटर थी।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96

